GNM 1st Year – Community Health Nursing Notes

प्रिय विद्यार्थियों, आपके अध्ययन को सरल एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से यह Community Health Nursing Notes तैयार किए गए हैं। इन नोट्स में परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण विषयों को आसान भाषा में संकलित किया गया है, जिससे आपकी तैयारी बेहतर हो सके।

- Exam-Oriented Notes
- Important Questions & Topics
- Easy Language & Quick Revision

🎯 सफलता का मूल मंत्र: नियमित अध्ययन, आत्मविश्वास और निरंतर अभ्यास।

GNM, ANM एवं Nursing से संबंधित Notes, Question Papers, Syllabus और अन्य Study Material के लिए RajGNM.in पर विजिट करें।

Team www.rajgnm.in

RAJGNM

Rajasthan General Nursing and Midwifery

Unit - 1

Subject _____ Chapter - I

Date : __/__/____
MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Community, Community health, Community health nursing
(समुदाय, सामुदायिक स्वास्थ्य एवं सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग)

- Introduction :-

समुदाय (Community) ⇒ समुदाय व्यक्ति / मनुष्य के जीवन के लिए आवश्यक है।
- इसी समुदाय में रहकर मनुष्य अपनी शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक आवश्यकताओं की पूर्ति करता है।
- समुदाय में एक ही जाति विशेष या अलग-अलग जाति, धर्म के लोग साथ में रहते है।
- अपनी आवश्यकताओं के लिए परस्पर एक-दूसरे पर निर्भर रहते है।
- जब किसी समूह के सदस्य किसी क्षेत्र विशेष में रहकर अपने जीवन के सभी उद्देश्यो की पूर्ति करते है एवं एक सामान्य जीवन में परस्पर भागीदार होते है। इस प्रकार निर्मित लोगो का समूह समुदाय कहलाता है।
- समुदाय में मनुष्य के क्रियाकलाप व्यक्तिगत होने के साथ-साथ सामाजिक भी होते है। इनमें 'हम की भावना' होती है।
- समुदाय विशेष के लोगो के रीति रिवाज, बोल-चाल, संस्कृति भिन्न-भिन्न होती है।

Community → Com और munis दो लैटिन शब्दो से मिलकर बना होता है। जिसका अर्थ

Com → साथ-साथ (together) और
munis → Serving (सेवा करना)

- समुदाय का अर्थ साथ-साथ मिलकर सेवा करना है।
- साथ-साथ सेवा करना समुदाय का अर्थ व्यक्तियों के एक ऐसे समूह से है जो निश्चित क्षेत्र में साथ-साथ रहकर सामान्य जीवन में भागीदार होते है।

Nand NOVA

WWW.RAJGNM.in

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____
MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject _____

• Definition (परिभाषा) ⇒

① किंग्सले डेविस के अनुसार ⇒ समुदाय सबसे छोटा ऐसा क्षेत्रीय समूह होता है जिसमें सामाजिक जीवन के सभी पहलू आ जाते है।

② बोगार्डस के अनुसार ⇒ समुदाय एक ऐसा सामाजिक समूह होता है जिसके कुछ अंशो में 'हम की भावना' होती है जो एक निश्चित क्षेत्र में रहते है।

③ मेकाइवर तथा पेज के अनुसार ⇒ सामाजिक जीवन का एक ऐसा क्षेत्र जिसमें कुछ सामाजिक संबंधता पाई जाती है। जो किसी विशेष हित में भागीदार नही होकर सामान्य जीवन में भाग लेते है उस समूह को समुदाय कहते है।

• Essential elements of community (समुदाय के आवश्यक तत्व) ⇒

① Groups (व्यक्तियो का समूह) ⇒ समुदाय की उत्पत्ति के लिए है कि व्यक्तियो का समूह हो।
- व्यक्तियो के बिना समाज की परिकल्पना नही की जा सकती ना ही सामुदायिक जीवन की। अतः व्यक्तियो का समूह समुदाय के निर्माण के लिए परम् आवश्यक है।
- यह समूह एक-दूसरे से परस्पर संबंधित होते है।

② Geographical Area (भौगोलिक क्षेत्र) ⇒
- प्रत्येक समुदाय के लिए निश्चित भौगोलिक क्षेत्र का रहवासी होना आवश्यक है।
- अलग-अलग भौगोलिक क्षेत्र में निवास करने वाले व्यक्तियो के समूह को समुदाय का नाम नही दिया जाता।
- किसी क्षेत्र विशेष में हृदय सामंजस्य के साथ-साथ रहने और सामान्य

WWW.RASNOTES.COM
RASNOTES.in
Nand NOVA
Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____
MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject :

गतिविधियों में भाग लेने से अपनेपन की भावना जागृत होती है।
- स्थायी भौगोलिक क्षेत्र समुदाय के निर्माण का दूसरा आवश्यक आधार होता है।

③ Community Sentiment ⇒ - इसे अपनत्व भी कहते है।
- सामुदायिक भावना का तात्पर्य है कि जिसमें व्यक्ति किसी व्यक्ति विशेष / समूह के प्रति हमारा के भाव की अभिव्यक्ति करता हो।
- इससे व्यक्ति में अकेलेपन की भावना नही आती है। वह अपनी भावना अपने समूह के लोगो में अभिव्यक्त करता है।
- समुदाय के सभी व्यक्ति एक संगठित समूह के रूप में कार्य करते है।
- उनके व्यावसायिक कार्य भिन्न-भिन्न होते है पर दैनिक क्रियाकलाप लगभग समान होते है।
- समुदाय के सभी सदस्यो में एक-दूसरे के प्रति प्रेम, भाईचारा, सुख-दुख: का अहसास होता है।

WWW.RAJGNM.in

• समुदाय के गुण (Characterstics of community) ⇒

① Permanancy (स्थायीपन) ⇒ - समुदाय एक निश्चित भौगोलिक क्षेत्र मे स्थायी रूप से निवास करते है।
- समुदाय के लोग एक-दूसरे के प्रति विश्वसत होते है।
- किसी भी भीड़, जनसभा को समुदाय की संज्ञा नही दी जा सकती क्योंकि उनका एक निश्चित भौगोलिक क्षेत्र नही होता।

② Specific Name (विशिष्ट नाम) ⇒ - प्रत्येक समुदाय का विशिष्ट नाम होता है।
- इस विशेष नाम के कारण ही समुदाय के सदस्य मनोवैज्ञानिक रूप से एक-दुसरे के करीब होते है। इसी कारण अपनेपन की भावना जागृत होती है।

Nand NovA

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____
MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject _____

③ Spontaneous growth (स्वत: विकास) ⇒
– समुदाय का विकास समन्वय के कारण स्वत: ही होता है।
– जिस समाज में असमन्वय होता है वह धीरे-धीरे विनाश की ओर अग्रसर होता है। तथा जिसमें सामंजस्य बना रहता है वह निरन्तर विकास की ओर अग्रसर होता है।
– क्योंकि सांमजस्य के कारण उस समुदाय विशेष में आपस में विश्वास होता है जो कि विकास की ओर अग्रसर होता है।

④ Concreteness (मूर्तता) ⇒
– समुदाय एक मूर्त समूह है क्योंकि यह एक निश्चित भौगोलिक क्षेत्र में निवास कर रहे मनुष्यों का समूह है।
– जिससे अपनेपन की अनुभूति होती है।

⑤ Extensive Objectives (व्यापक उद्देश्य) ⇒
– समुदाय का निर्माण किसी व्यक्तिगत उद्देश्य के लिए ना होकर एक व्यापक उद्देश्य के लिए होता है।
– इसका हित भी व्यक्तिगत ना होकर सामुदायिक होता है।
– व्यापक उद्देश्य कुछ समय के लिए ना होकर दीर्घगामी होते है जो कि जीवनपर्यन्त विकास के मार्ग पर चलते है।

⑥ Feeling of our (अपनत्व की भावना) ⇒
– समुदाय के सभी सदस्यो में आपस में अपनत्व की भावना होती है। जो कि एक-दूसरे को आपस में बांधे रखती है।
– जिससे कि लोगो में परस्पर विश्वास और सामंजस्य बना रहता है। यही सामंजस्य विकास के मार्ग पर जाता है।

⑦ Comman Rule (सामान्य नियम) ⇒
– प्रत्येक समुदाय में अपने-अपने सामान्य नियम होते है।

WWW.RAJNM.in
Nand NOVA
Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____
MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject

- जो कि सामान्यता लिखित अवस्था में नही होते लेकिन समय के साथ-साथ समुदाय के लोगो द्वारा अर्जित किये जाते है।
- इन सामान्य नियमो के अनुरूप ही समुदाय के लोगो का व्यवहार व क्रियाकलाप होते है।
- यह नियम समुदाय के विकास के लिए आवश्यक होते है।

• Concept of community Health (सामुदायिक स्वास्थ्य की अवधारणा) ⇒

Community Health :

① According to WHO ⇒ "Community health refer to the health status of community members, to the problem affecting their health and the totality of health are provided to the community."

"समुदाय के सदस्यो की स्वास्थ्य की स्थिति, उनके स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाली समस्याऐं एवं समुदाय में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं के समग्र रूप को ही सामुदायिक स्वास्थ्य कहते है।

② Objectives of community Health (सामुदायिक स्वास्थ्य के उद्देश्य) ⇒

(i) समुदाय की स्वास्थ्य ~~सेवाओं~~ समस्याओं का निस्तारण करने हेतु समुदाय की क्षमता बढाना

- समुदाय की स्वयं की कई प्रकार की समस्याएँ रहती है।
- सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओ द्वारा उन समस्याओं का निवारण करना।
- साथ ही भविष्य में उन समस्याओं की होने की संभावना स्वास्थ्य शिक्षा के द्वारा नगण्य करना जिससे समुदाय का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके।

③ स्वच्छ पर्यावरण प्रदान करना ⇒

- समुदाय के लोगो को स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान कर स्वच्छ पर्यावरण के लाभ-हानि बताकर स्वच्छ पर्यावरण के लिए प्रेरित करना।
- जिससे रोग रहित पर्यावरण रहे। Exp :- स्वच्छ जलवायु एवं कचरे का उचित निस्तारण।

WWW.RAJGNM.in
Nand NovA
Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____
MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject

③ संक्रामक एवं असंक्रामक रोगो की रोकथाम एवं नियंत्रण ⇒

- संक्रामक रोगो को फैलने से रोकने के लिए यदि प्रतिरक्षण (vaccine) उपलब्ध है | तो समय-समय पर टीकाकरण करवाना (BCG, DPT, MMR)।

- असंक्रामक रोगो को शीघ्र पता लगाकर समुचित उपचार करना तथा सुनिश्चित करना कि भविष्य में उपयुक्त व्याधि की पुनरावर्ति ना हो।

④ Conduct Research (अनुसंधान करना) ⇒ - बेहतर स्वास्थ्य के लिए समय-समय पर अनुसंधान कर पता लगाना कि रोग का सही एवं प्रभावी उपचार किस प्रकार संभव है।

⑤ संसाधनो को बढ़ाना ⇒ - मानव स्वयं शक्ति (man power), सामग्री, उपयुक्त धन व वितरण को बढ़ाकर सभी जगह बिना किसी पक्षपात के आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध करना।

⑥ Health education ⇒ - समुदाय के लोगो को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना। जीवन शैली, कारक जनित रोग, पोषण की कमी आदि से होने वाले रोगो की जानकारी प्रदान कराना व इन्हें फैलने से रोकना।

⑦ मूल्यांकन करना (Evaluation) ⇒ - समुदाय के लोगो को प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओ का समय-समय पर मूल्यांकन करना तथा प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओ की प्रभाविता की जाँच करना।

WWW.RAJGNM.in

Nand NovA

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____

MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject _____

• Community Health Nursing (सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग) ⇒

- सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग, समुदाय में जाकर नर्सिंग कर्मचारी द्वारा व्यक्ति विशेष, परिवार तथा समाज को दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवा है।
- जो कि लोगो के स्वास्थ्य को बनाए रखने में सहायक है।
- सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग का कार्यक्षेत्र बहुत बडा है। विद्यालय, पंचायत, शिविर, आंगनबाडी, स्वास्थ्य केन्द्र, मेला आदि।
- सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग में मुख्य जोर रोग की रोकथाम पर होता है।

• Definition (परिभाषा) ⇒ जन स्वास्थ्य को सुरक्षित एवं उच्च स्तरीय बनाए रखने के लिए Nursing practice एवं जन स्वास्थ्य का समायोजित प्रयास समुदाय स्वास्थ्य Nursing कहलाता है।

• सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग का अर्थ Nurse द्वारा स्वास्थ्य केन्द्रो के अतिरिक्त समुदाय में जाकर रोगी को चिन्हित कर स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने से है।

• सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग का अभिप्राय; एक व्यक्ति विशेष की सेवा के साथ-साथ पूरे समुदाय को स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने से है।

• सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग, नर्सिंग का बहुत बड़ा रूप है जिसमें नर्सिंगकर्मी समुदाय में जाकर बडे स्तर पर स्वास्थ्य सेवाएँ समुदाय को उपलब्ध कराते हैं।

• Difference between Institutional and Community Nursing ⇒

[संस्थागत और सामुदायिक नर्सिंग में अंतर] ⇒

WWW.RAJGNM.IN

Nand NovA

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Base (आधार)	Institutional Nursing	Community Nursing
कार्यस्थल	चिकित्सालय	स्वास्थ्य केन्द्र, समुदाय घर, स्कूल
रोगी	रोगी स्वयं चिकित्सालय रोग मुक्त होने आते है।	रोगी को चिन्हित कर उपचार करना होता है स्वयं रोगी चिकित्सा केन्द्र नहीं आता है।
स्वास्थ्य के आयाम	रोग उपचार (cure of disease)	रोकथानात्मक देखभाल (Preventive care)
विशेषता	किसी भी एक क्षेत्र, विशेष में दक्ष	सामुदायिक नर्स को सभी स्वास्थ्य आयामों का जानकार होना चाहिए।
प्रबन्धन	प्रबन्ध हेतु चिकित्सा अधीक्षक, नर्सिंग अधीक्षक, नर्स प्रभारी	प्रबन्धन स्वयं सामुदायिक नर्स को करना होता है।
ज्ञान	चिकित्सा क्षेत्र की नवीनतम तकनीक का विशेष ज्ञान	चिकित्सा के साथ-साथ समुदाय की संस्कृति (रहन-सहन, बोल-चाल का ज्ञान)
देखभाल	व्यक्ति विशेष की देखभाल करनी होती है।	पूरे समुदाय को इकाई मानकर कार्य करना होता है।
निर्णय	निर्णय के लिए वरिष्ठ विशेषज्ञ उपलब्ध होते है।	निर्णय स्वयं को करने होते है।

WWW.RAJENM.in
Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

रिकॉर्ड एवं रिपोर्ट	रिकॉर्ड विभाग अलग से स्थित होता है।	रिकॉर्ड एवं रिपोर्ट स्वयं को पूरे करने होते है।
जनसंपर्क	जनसंपर्क सीमित होता है।	वृहद जनसंपर्क होता है।
Communication	विभाग तक ही सीमित होता है।	प्रभावी होना चाहिए।
सहयोग / समायोजन	चिकित्सालय तक सीमित होता है।	अन्य विभागो (जलदाय विभाग, महिला बाल विकास, शिक्षा से समन्वित रूप से कार्य करना होता है।)

Date : __/__/____

MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject

WWW.RAJGNM.in

Scanned with OKEN Scanner

Subject

Date : __/__/____
MON TUE WED THR FRI SAT SUN

ध्यान रखने योग्य बाते ⇒

- व्यक्तियों का समूह मिलकर समुदाय का निर्माण करता है। यह समूह अपनी विभिन्न आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए एक-दूसरे पर निर्भर रहते है।
- समुदाय में मूर्तता एवं अपनत्तता की भावना पाई जाती है जो कि इसके स्वत: विकास को सुनिश्चित करती है।
- सामुदायिक स्वास्थ्य में रोकथानात्मक वृद्धि कर एवं उपचारात्मक सेवाऐं प्रदान की जाती है।
- संगठित प्रयास को संतुलन, सुरक्षा एवं स्वास्थ्य में सुधार की कला विज्ञान को सामुदायिक स्वास्थ्य कहते है।
- सामुदायिक नर्सिंग का कार्यक्षेत्र संस्थागत नर्सिंग की अपेक्षा बड़ा होता है। एवं जनसंपर्क भी संस्थागत नर्सिंग की अपेक्षा बड़ा होता है।

NandNovA

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Unit - 1

Chapter - 2

Subject

Date : __/__/____

MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Concept of Health and Disease

* Health and Disease ⇒

Defination of Health :- स्वास्थ्य रोग से मुक्ति, रोग की अनुपस्थिति, स्वास्थ्य गतिशील, संतुलन की वह अवस्था जिसमे व्यक्ति के जीवन की सभी परिस्थितियो को व्यवस्थित करने की क्षमता अधिकतम होनी चाहिए।

• Acc. to WHO :- Health is a state of complete physical, mental and social well being and not merely an absence of disease infirmity.

* Concept of Health (स्वास्थ्य की अवधारणा) ⇒

- जिस प्रकार स्वास्थ्य के लिए लोगो ने समय - समय पर अलग - अलग मत प्रस्तुत किये उसी प्रकार स्वास्थ्य की अवधारणा के लिए भी लोगो ने अलग - अलग मत दिये।

- कुछ सोचकर्ताओ के अनुसार शरीर में रोगाणुओं का अभाव होना ही स्वास्थ्य है।

- जबकि कुछ ने कहा है कि शरीर में समन्वित तरीके से कार्य सम्पादन करना ही स्वास्थ्य है।

#① Bio Medical Concept (जैव चिकित्सकीय अवधारणा) ⇒

इस अवधारणा के अनुसार शरीर में रोगो की अनुपस्थिति ही स्वास्थ्य है।

WWW.RAJGNM.in

Nand NovA

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____
MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject ____

- यह रोग के रोगाणु के सिद्धान्त पर कार्यरत है। (Germ theory of disease)
- इस सिद्धान्त के अनुसार किसी भी बीमारी के लिए उस रोग के रोगाणु का शरीर में उपस्थित होना चाहिए। तब ही रोग होगा अन्यथा रोग नही होगा।

- उक्त अवधारणा लुईस पाश्चर की खोज पर आधारित है लेकिन अवधारणा ~~रोगो की~~ रोगाणु की अनुपस्थिति पर होने वाले रोगो की व्याख्या नही कर पाया है।

Exp :- Heart attack

- इसलिए इस अवधारणा को पूर्ण मत नही दिया गया।

② Ecological Concept (पारिस्थितिकीय अवधारणा) ⇒

- इस अवधारणा के अनुसार माना गया कि शरीर के स्वस्थ होने के लिए शरीर और पर्यावरण में सामंजस्य होना चाहिए। इस संतुलन के अभाव में व्यक्ति अस्वस्थ हो जाता है।

- इस अवधारणा ने शरीर का परिस्थितिकी के बीच समायोजन पर बल दिया गया।
- रोगो के लिए जिम्मेदार अन्य सभी कारको को महत्व नही दिया गया।

③ Psychological Concept (मनोवैज्ञानिक अवधारणा) ⇒

- इस अवधारणा के अनुसार स्वास्थ्य को जैविक और पारिस्थितिकीय कारक ही नही मनोवैज्ञानिक कारक भी प्रभावित करते है।

- वैज्ञानिको का मत है कि स्वास्थ्य के परीक्षण के दौरान जैविक कारक पारिस्थितिकीय कारक के साथ-साथ मनोवैज्ञानिक कारक पर भी ध्यान देना चाहिए।

Nand NovA
Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____
MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject

④ Social Concept (सामाजिक अवधारणा) ⇒

- इस अवधारणा के अनुसार स्वास्थ्य के निर्धारण में कई सामाजिक कारक प्रभावित होते है। इनमें से कुछ कारक स्वास्थ्य के स्तर को बढ़ाते है तथा कुछ कारक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालते है।
- बेहतर स्वास्थ्य निर्धारण के लिए आवश्यक है कि सकारात्मक कारको पर जोर दिया गया।

⑤ Holistic Concept (समग्र अवधारणा) ⇒

- उक्त अवधारणा सभी अवधारणाओं का संयुक्त रूप है जिसके अनुसार मनुष्य के स्वास्थ्य के लिए एक कारक जिम्मेदार नही होकर सभी कारक आंशिक / पूर्ण रूप से जिम्मेदार होते है।

- सामाजिक, मनोवैज्ञानिक, जैविक, पर्यावरणीय और राजनैतिक कारक संयुक्त रूप से स्वास्थ्य को प्रभावित करते है।

WWW.RAJDM.in

* Disease ⇒

- Disease दो शब्दो से मिलकर बना होता है -

Dis – विपरीत
ease – आराम

- व्यक्ति की ऐसी अवस्था जिसमें वह दैनिक क्रियाकलापों को सामान्य रूप से करने में सक्षम नही हो। व्यक्ति की ऐसी अवस्था 'रोगी' अवस्था कहलाती है।

Defination :-

- Acc. to Webstar → मनुष्य के स्वास्थ्य की ऐसी अवस्था जिसमें मनुष्य के शरीर में जैविक

Nand NovA

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____

MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject _____

चिन्ह (Vital Sign) अपनी सामान्य अवस्था (सही रूप) में कार्य नहीं करते हैं और मनुष्य की कार्यक्षमता में कमी आती है।

A condition in which health is Impaired a departure from a state of health, an altenation of the human body ~~inbo~~ interputing the performance of vital function.

- Acc. to Oxford → A condition of the body or some part / organ of the body in which its function are disturb / deranged.

रोग शरीर या शरीर के अंग की ऐसी अवस्था जिसमें शरीर या शरीर के किसी अंग की कार्यप्रणाली बाधित हो।

कार्यकी/ – मानसिक रूप से कार्य करने की क्षमता में कमी रोग कहलाती है। रोग शरीर की एक असामान्य स्थिति है जिसमें मनुष्य के कार्य करने की क्षमता सामान्य क्षमता से कम हो जाती है। यह शारीरिक, मानसिक व सामाजिक हो सकती है।

Types of disease ⇒ ① तीव्रता के आधार पर 2 प्रकार के होते हैं -

① Acute

② Chronic

① Acute ⇒ यह अवस्था अचानक शरीर में बहुत तेजी से अपना प्रभाव डालती है।

Example :- Acute pain, Ald (Acute lungs disease)

② Chronic ⇒ (दीर्घकालीक) यह रोग लंबे समय तक शरीर पर धीरे-धीरे प्रभाव डालते हैं।

Example :- Chronic pain, Chronic liver disease

Nand NOVA

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____
MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject

② गंभीरता के आधार पर :- 3 प्रकार की होती है -

① Mild ② Moderate ③ Severe

① Mild ⇒ (थोड़ा अधिक) :- ——"—— यह अवस्था कम घातक होती है।
- शरीर की कार्यप्रणाली को थोड़ा-थोड़ा प्रभावित करती है।

② Moderate (थोड़ा गम्भीर) ⇒ ——"—— यह थोड़ी घातक अवस्था होती है।
- शरीर की कार्यप्रणाली को थोड़ा ज्यादा प्रभावित करती है।

③ Severe (गंभीर) ⇒ ——"—— यह अवस्था बहुत अधिक घातक होती है। तथा शरीर की कार्यप्रणाली को गंभीर रूप से प्रभावित करती है।

③ संक्रमण के आधार पर :- 2 प्रकार के होते है -

① Infecious (संक्रामक) ② Non-Infecious (असंक्रामक)

① Infecious (संक्रामक) ⇒ यह रोग एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलते है।

Example :- T.B.

② असंक्रामक रोग ⇒ यह रोग एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में नही ——"—— फैलते है।

Eg :- Heart Attack

④ Cause (कारक) के आधार पर :-

① Hereditiecly disease

① Hereditiecly (आनुवांशिक रोग) ⇒ यह रोग एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में ——"—— स्थानान्तरित होती है।

eg :- हीमोफीलिया

Nand NOVA

WWW.RAJGNM.in

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____

MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject _____

② Physiological disease (~~कार्यि~~ कार्यिकी संबंधित रोग) ⇒ यह रोग शरीर की कार्यिकी मे असामान्यता के कारण उत्पन्न होते है।

eg :- उल्टी, दस्त

③ Pathogenic Disease (रोगाणु जनित रोग) ⇒ यह रोग शरीर के अंदर रोगाणु के प्रवेश के कारण होते है।

eg :- मलेरिया

④ Deficiency Disease (अभाव जनित रोग) ⇒ यह शरीर में आवश्यक विटामीन, लवण, प्रोटीन, उर्जा आदि की कमी के कारण होते है।

Causes of Disease ⇒ प्राचीन काल से ही रोग शरीर को प्रभावित करते आये है। जैसे-जैसे ही विज्ञान का विकास हुआ उसी प्रकार इनके कारणो में दार्शनिक, वैज्ञानिक ने अपने-अपने मतो से इनके कारणो का वर्णन किया। इसके बावजूद भी कई रोग है जिनके होने के कारण का कोई वर्णन नही है।

① Super Natural Theory (दैवीय सिद्धान्त) ⇒

प्राचीन काल मे माना कि रोगो के लिए दैवीय शक्ति, दैत्य शक्ति जिम्मेदार है। माना जाता रहा है कि जब हमारे कुल देवी-देवता ~~है~~ इनको कष्ट हो जाते है तो हो रोगी बना देते है। लोग ईर्ष्या के कारण दूसरो पर काला जादू, टोना-टोटका, करवा देते है।

इस सिद्धान्त को उस समय अशिक्षा और अंधविश्वास के कारण बहुत बढ़ावा मिला। लेकिन कालांतर लोगो ने इसे शोधकर्ताओ के Research के साथ मानना कम कर दिया।

www.BASGNM.in

Nand NOVA

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____

MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject _____

② Germ Theory ⇒


- इस सिद्धान्त को 20 वी शताब्दी के शुरू मे लुईस पाश्चर ने दिया। जिसके अनुसार रोगो की उत्पति के लिए रोगाणु जिम्मेदार होते है। न कि देवीय शक्ति।
इस सिद्धान्त को वैज्ञानिको ने प्रयोगिक रूप से सिद्ध करके बताया कि केवल रोगाणु ही रोग के जिम्मेदार है। समय के साथ-साथ इस सिद्धान्त की भी आलोचना हुई। ऐसे भी कई रोग जिनका रोगाणु नही होता हैं फिर भी शरीर में रोग उत्पन्न होते है।

Example :- Heart Attack, High Blood pressure

- बाद में इस सिद्धान्त को एक स्तर तक सही माना गया।

③ Epidemiological tried Theory ⇒

- इसके अनुसार मनुष्य में रोग की उत्पति के लिए केवल रोगाणु ही जिम्मेदार नही हैं बल्कि रोगाणु के साथ-साथ परपोषी और पर्यावरण भी इसके लिए जिम्मेदार हैं।
- कारक के प्रभावी होने पर परपोषी की प्रतिरोधक क्षमता कम होने पर एवं उपयुक्त वातावरण होने पर ही कारक परपोषी को रोगी बना सकता हैं। इन तीनो में से किसी एक घटक की अनुपस्थिति पर अप्रभावी हो सकता हैं।



WWW.RAJGNM.in
Nand NovA
Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____

MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject _____

(a) Agent (कारक) ⇒ रोग की अवस्था में रोग कारक (Agent) ही मुख्य एवं प्राथमिक घटक होते है।
- कारक सजीव / निर्जीव हो सकते है।

(i) Biological Agent ⇒ विषाणु, जीवाणु, कवक, जीव-जन्तु आदि जीवित कारक है, जो कि परपोषी में रोग उत्पन्न करने की क्षमता रखते है।

Eg :- Aids → HIV, क्षय रोग → माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस, मलेरिया → प्लाज्मोडियम

(ii) Mechanical Agent (यांत्रिकी कारक) ⇒ कल-कारखानो में मशीनो से बाहर निकले घुएँ, कलपुर्जे, घाव, अस्थि भंग आदि व्याधी उत्पन्न करते है।

(iii) Chemical Agent ⇒ गैस, धातु, धूल, प्रदूषण और क्षार आदि के कारण शरीर में कई प्रकार के रोग उत्पन्न हो जाते है।

Eg :- Skin disease, Respiaratory disease

(iv) Physical Agent (भौतिक कारक) ⇒ विकिरण, तापमान, दाब, शीत, विद्युत के कारण मानव में कई प्रकार की व्याधी उत्पन्न हो सकती है।

Eg :- जलन, नपुसंकता, अंधता

(v) Nutritional Agent ⇒ शरीर में पोषक तत्वों की कमी कई प्रकार की व्याधी उत्पन्न करती है।
यह पोषक तत्व की कमी ही रोग के कारण है।

(vi) Social Agent ⇒ सामाजिक कारक जैसे - गांजा, अफीम, धूम्रपान, शराब आदि मानव शरीर में ~~एक~~ कई प्रकार की व्याधी उत्पन्न करते है।
मनोरोग, श्वसन रोग

Eg :-

WWW.RAJGNM.in
Nand NOVA
Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____
MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject _____

(b) Host (परपोषी) ⇒ मनुष्य की उम्र, लिंग पोषण, कार्यिकी, आनुवंशिकता, जन्मजात विकार, मधुमेह आदि आंतरिक कारक हैं जो कि शरीर के स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं।

(i) Immunity power of Host ⇒ सभी मनुष्य की रोग प्रतिरोधक क्षमता अलग-अलग होती है।
- वयस्क व्यक्ति की रोग-प्रतिरोधकता बच्चो एवं बुजुर्गों की अपेक्षा अधिक होती है।
- रोग प्रतिरोधकता की कमी के कारण मनुष्य में कई प्रकार के रोग उत्पन्न हो जाते हैं।

(ii) Biological Factor ⇒ जन्मपदीक में मानव शरीर को परपोषी माना गया है जिसमें कारक शरीर में अपने आप की वृद्धि कर रोग उत्पन्न करता है।

(iii) Socio-economic Factor ⇒ व्यक्ति विशेष का सामाजिक-आर्थिक स्तर, व्यवसाय, शिक्षा, आवाहिक स्थिति आदि रोग होने को प्रभावित करते हैं।

(iv) Life Style ⇒ मद्यपान, व्यसन, रीति-रिवाज आदि भी जीवनशैली से संबंधित होते है जो शरीर में रोग होने की संभावना को बढ़ाते हैं।

(c) Environment (पर्यावरण) ⇒ व्यक्ति के चारो ओर का पर्यावरणीय क्षेत्र व्यक्ति के स्वास्थ्य को बहुत ज्यादा प्रभावित करता है।
- पर्यावरणीय स्थिति रोग कारको की प्रभाविता को कम या अधिक कर देती हैं जिसके कारण परपोषी में रोग होने की संभावना कम या अधिक हो जाती है।

WWW.RAJGNM.in

Nand NovA

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____

MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject _____

(i) Biological Environment ⇒ जीव - जन्तु हमारे चारो ओर वातावरण में पाये जाते हैं। जिनमें से कुछ आधी को हमारे शरीर तक पहुँचाते हैं। कुता, बिल्ली जानवरो द्वारा संचारित रोग जैसे - रेबीज, Normal T.B., Bovind T.B. (पालतू जानवर में पाई जाने वाली T.B.)।

(ii) Physical Environment ⇒ इसमें पर्यावरण में स्थित जल, शोर, तापमान, शीत, वायु, कचरा, मृदा आदि की प्रदूषक अवस्था मानव शरीर में कई प्रकार के रोग उत्पन्न करते है। (हैजा, बहरापन, अंधापन)

(iii) Social Environment ⇒ जीवन स्तर, शिक्षा का स्तर, सामाजिक प्रथा, कुप्रथा आदि हमारे शरीर को प्रत्यक्ष / अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित कर कई प्रकार के रोग उत्पन्न करते हैं।

* Dimension of Health ⇒ स्वास्थ्य की जिस प्रकार परिभाषाएँ और अवधारणाएँ हैं ठीक उसी प्रकार स्वास्थ्य के कई आयाम है। यह एक बहुआयामी विषय है। स्वास्थ्य का परीक्षण करते समय इन सभी आयामो पर ध्यान दिया जाना आवश्यक है। जिससे सम्पूर्ण उपचार संभव हो सके।

- स्वास्थ्य के निम्न आयाम है -

① Physical Dimension
② Mental Dimension
③ Social Dimension
④ Spritual Dimension
⑤ Vocational Dimension
⑥ Environmental Dimension
⑦ Others

WWW.RAJGNM.in

Nand NOVA

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____
MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject _____

① Physical Dimension ⇒ यदि मनुष्य की संरचना और कार्यविधि समुचित एवं संतुलित होगी तो वह व्यक्ति शारीरिक रूप से बलशाली एवं प्रभावशाली होगा।

- इसके लिए आवश्यक है कि शरीर का हर तंत्र अपने सामान्य स्तर पर कार्यरत रहे। व्यक्ति के ~~स्व~~ शारीरिक Organ, रूप से स्वस्थ होने के लिए निम्न गुण होने चाहिए। जिससे कहा जा सके कि व्यक्ति स्वस्थ है।

(a) मनुष्य की anatomy and physiology सामान्य होनी चाहिए।
(b) शरीर के सभी vital sign सामान्य रूप से कार्यरत होने चाहिए।
(c) शरीर की बनावट में Symmetry (सममिति) होनी चाहिए।
(d) उत्सर्जन तंत्र सामान्य अवस्था में कार्यरत होना चाहिए।
(g) मनुष्य की कद-काठी वजन के अनुसार होनी चाहिए।
(h) मनुष्य की सभी इन्द्रियाँ सामान्य कार्यरत करनी चाहिए।
(i) सभी रक्त ~~परिसंचरण~~ परीक्षण (blood Investigation) normal होने चाहिए।
(j) दैनिक आवश्यकता के अनुरूप भूख-प्यास लगनी चाहिए।
(k) शरीर का BMI normal होना चाहिए।

② Mental Dimension ⇒ जीवन का निर्वाह करना संघर्ष ~~करना~~ है। जिसमें मनुष्य को अपना वातावरण एवं परिस्थितियों से सामजस्य बनाकर चलाना पड़ता है।
- यदि मनुष्य का वातावरण एवं परिस्थितियों से सामंजस्य स्वस्थ होता है तो वह व्यक्ति मानसिक रूप से स्वस्थ होता है।
- यदि मनुष्य इस सामजस्य को बनाये/बनाने में असमर्थ होता है तो उस स्थिति में मनुष्य ~~अपनी~~ अपने जीवन में हरा हुआ मानकर कुण्ठित या क्रष्ट, असहाय, डर आदि की अनुभूति करता है। इस प्रकार असहाय व्यक्ति मानसिक रूप से अस्वस्थ होता है जिसे Healthy नही कहा जा सकता है।

- मनुष्य को अपने जीवन में समाज के बीच रहना होता है इसलिए उसका समाज एवं परिवार से सामंजस्य होना आवश्यक है। इसके अभाव से कई बार व्यक्ति मनोरोगी हो जाता है।

Nand NovA

WWW.RAJNM.IN
Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____

MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject

- मनुष्य मे सम / विषम परिस्थिति में कार्य करने की क्षमता, आत्म विश्वास से परिपूर्ण, लक्ष्य निर्धारण, समस्या को समझ कर हल करने की कला प्रदर्शित करती है कि मनुष्य मानसिक रूप से सदृढ़ है।

③ Social Dimension ⇒ - मनुष्य समूह में रहने वाला जीव है।
- लोगो का समूह मिलकर समाज का निर्माण करता है। इसलिए आवश्यक है कि मनुष्य अपने सामाजिक एवं पारिवारिक सम्बन्धो को जीवन पर्यन्त निर्वाह करे।
- समाज में रहकर व्यक्ति अपने आप को सुरक्षित एवं संरक्षित मानता है। जिससे उसमे आत्मसंतुष्टि रहती है।
- मनुष्य को स्वस्थ रहने के लिये शारीरिक, मानसिक स्वस्थता के साथ-साथ सामाजिक रूप से स्वस्थ होना भी आवश्यक है।

④ Vocational Dimension ⇒
- मनुष्य को जीवन यापन करने के लिये मूलभूत आवश्यकताओ (रोटी, कपडा, मकान) की आवश्यकता होती है। जिसकी प्राप्ति के लिये मनुष्य के पास धन उपार्जित के स्त्रोत होने चाहिए।
- और Source के व्यावसायिक योग्यता होनी चाहिये।
- व्यावसायिक योग्यता के आधार पर ही मनुष्य अपने अवसाय के प्रति आश्वत, संतुष्ट और नई शैली को विकसित कर सकते है।
- वही मनुष्य व्यावसायिक रूप से स्वस्थ होता है।

⑤ Spritual Dimension ⇒
- मनुष्य के सम्पूर्ण बिकास के लिये आवश्यक है कि वह शारीरिक, मानसिक, सामाजिक रूप से स्वस्थ होने के साथ-साथ आध्यात्मिक रूप से भी स्वस्थ हो।
- जिससे वह भौतिक सुख-सुविधाओं की सत्यता को जानकर अपने आप को सही मार्ग की ओर विकसित करे तथा Super natural

Nand NOVA
www.RAJGNM.in
Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____
MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject

को समझ सके। जिससे वह अनैतिक कार्य मे तृप्त ना हो। Power और अपने आप पर विश्वास करे।

- अपनी क्षमताओ को समर्पित भाव से उचित मार्ग की ओर अग्रसर करे जिससे उसमें भय, डर, सांसारिक लोभ तथा प्रलोभन विकसित न हो।

⑥ Environmental dimension ⇒

- मनुष्य जिस पर्यावरण में रहता है उसी के अनुरूप मनुष्य का विकास होता है।
- स्वस्थ पर्यावरण मनुष्य के बेहतर स्वास्थ्य के लिये आवश्यक है। इसके विपरीत अस्वस्थ पर्यावरण गंदगी, उत्सर्जी पदार्थ, प्रदूषण आदि मनुष्य के स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव Waste product, डालते है।

⑦ Other ⇒ (i) Nutritional (ii) Industrial

* Health Indicator ⇒ स्वास्थ्य का मूल्यांकन जिन संकेतको के द्वारा किया जाता है उन्हें Health Indicator कहते है।

- इन संकेतको के द्वारा स्वास्थ्य की स्थिति को मापा जाता है। यह परिवर्तनशील होते है।
- यह संकेतक मनुष्य के स्वास्थ्य में होने वाले बदलाव सकारात्मक / नकारात्मक की जानकारी उपलब्ध कराते है। इन्ही संकेतको के आधार पर तुलनात्मक अध्ययन किया जाता है।

Quality of Health Indicator ⇒

① Validity ⇒ जो मापन के लिए उसका निर्माण किया जाता है। वह मापने में सक्षम हो।

WWW.RAJENM.in
NandNOVA
Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____

MON TUE WED THR FRI SAT SUN

① Sensitivity (संवेदनशीलता) ⇒ स्वास्थ्य प्रकृति में होने वाले सूक्ष्म बदलाव

② ~~Sensitivity~~ का भी मापन कर सकते है।

③ Reliability (विश्वसनीयता) ⇒ समान स्वास्थ्य का समान परिणाम दे चाहे परिस्थितियों में परिवर्तन हो।

④ Specific (विशिष्टता) ⇒ जिसको मापने के लिए निर्मित की गई उसी का ही मूल्यांकन करे।

⑤ Fesible ⇒ आवश्यक मामूली परिवर्तन data प्राप्त कर सकते है।

⑥ Relevent ⇒ Data जो प्राप्त हुये है वह उससे संबंधित होने चाहिये।

Health Indicator used to measure Health Status ⇒

① मृत्यु दर संकेतक (Mortality Rate Indicator)
② अस्वस्थता दर संकेतक (Morbidity Rate Indicator)
③ अपंगता दर संकेतक (Disability Rate Indicator)
④ पोषण दर संकेतक (Nutritional rate Indicator)
⑤ सामाजिक - आर्थिक संकेतक (Socio economic indicator)
⑥ Environmental Indicator (पर्यावरणीय संकेतक)
⑦ स्वास्थ्य नीति संकेतक (Health policy)
⑧ स्वास्थ्य सेवा वितरण संकेतक (Health care delivary Indicator)
⑨

① Mortality Rate Indicator ⇒

(a) Crudt Death Rate (CDR) ⇒ (सकल मृत्यु दर) ⇒ किसी देश / प्रदेश की सकल मृत्युदर प्रति हजार जनसंख्या पर प्रतिवर्ष होने वाली मृत्युदर को प्रदर्शित करती है।

- किसी देश / प्रदेश की मृत्युदर का कम या अधिक होना उस देश की स्वास्थ्य का सूचक होती है।

Nand NOVA

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____
MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject

- विकासशील देशो की मृत्युदर विकसित देशो की तुलना मे अधिक होती है।

(b) Infent Mortality Rate (IMR) ⇒ एक वर्ष में प्रति हजार जीवित बच्चो पर उसी वर्ष में होने वाली शिशु मृत्युओ की संख्या शिशु मृत्युदर कहलाती है। जो कि विकसित देशो में कम व विकासशील देशो में तुलनात्मक अधिक होती है।

(c) जन्म से 5 वर्ष की उम्र तक होने वाली मृत्युदर ⇒ यह 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चो की होने वाली मृत्युदर है। जिसमें किसी वर्ष में प्रति हजार, 5 वर्ष तक के बच्चो की होने वाली मृत्यु दर है उसी वर्ष जीवित जन्मो की संख्या को 5 वर्ष से कम वर्ष में मृत्युदर है।

(d) Neoneta1 mortality Rate (NMR) ⇒ एक वर्ष में प्रतिहजार जीवित जन्म पर प्रसव से 28 दिन के भीतर होने वाली नवजात मृत्यु की संख्या को नवजात मृत्युदर कहते है।

www.RAJENM.in

$$NMR \Rightarrow \frac{\text{जन्म के 28 दिन के भीतर होने वाली नवजात की मृत्यु}}{\text{उसी वर्ष जीवित बच्चो की संख्या}} \times 1000$$

(e) Maternal Mortality Rate (mmR) ⇒ यह दर गर्भकाल एवं प्रसव के कुछ समय पश्चात (6 week) होने वाली गर्भित महिलाओ की मृत्यु की दर को बताता है।

- इसको 1 लाख जीवित बच्चो के जन्म पर आँकलित किया जाता है।

(f) Life Expectance (जीवन प्रत्यक्षा) ⇒ जीवन की औसत आयुदर होती है।

- इसकी दर विकसीत देशो में विकासशील व अविकसित देशो की तुलना में अधिक होती है।

Nand NovA

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____
MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject _____

② Morbidity Rate Indicator ⇒ (अस्वस्थता दर संकेतक) ⇒

यह आबादी में स्वास्थ्य के स्तर को मापने में काम आती है। इसका गहराई से अध्ययन कर पता लगाया जा सकता है कि रोग निश्चित क्षेत्र में फैल रहा है। या स्थिर है या कम हो रहा है या उन्मूलन हो चुका है।

- अस्वस्थता दर से किसी स्थान विशेष के लोगो की प्रतिरोधक क्षमता का मूल्यांकन किया जा सकता है।

- OPD (Out Patient Department) ⇒ यदि OPD में उपचार में आने वाले रोगियो की संख्या ज्यादा है तो उस क्षेत्र का स्वास्थ्य स्तर कमजोर है। उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर है।

- अविकसित, विकसित और विकासशील देशो के OPD द्वारा किसी महामारी के होने का अनुमान लगाया जा सकता है।

- IPD (In Patient Department) ⇒ स्वास्थ्य केन्द्रो में भर्ती मरीज की संख्या के आधार पर ~~से~~ लोगो के स्वास्थ्य स्तर / स्थान विशेष स्तर पर ~~क्षेत्र~~ लोगो की स्थिति का आँकलन किया जाता है।

- पिछले Record का तुलनात्मक अध्ययन द्वारा पता लगाया जा सकता है कि उक्त रोग की स्थिति वर्तमान में क्या है।

- Incidence Rate (घटना दर) ⇒ किसी क्षेत्र विशेष में किसी रोग के कुल नये रोगियो की संख्या कहलाती है।

- Incidence Rate किसी क्षेत्र विशेष की Incidence Rate का कम या अधिक होना वहाँ के लोगो के स्वास्थ्य स्तर को प्रदर्शित करता है।

③ Disability Rate (अपंगता दर) ⇒ अशक्ति जो अपने स्वयं के दैनिक क्रियाकलापो

WWW.RAJGNM.in

Nand NOVA

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____
MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject _____

के लिये अन्य व्यक्ति पर आश्रित रहे उसे अपंग कहते है।

- अपंगता दो प्रकार की होती है -

(i) अस्थायी अपंगता (Temparory)
(ii) स्थायी अपंगता (Permanant Disability)

(i) अस्थायी अपंगता (Temparory Disability) ⇒ जिसमें व्यक्ति एक समय बाद पुनर्वास द्वारा वापस अपना जीवन बिना किसी दूसरे के सहारे व्यतीत कर सकता है।

(ii) स्थायी अपंगता (Permanant Disability) ⇒ इस प्रकार की अपंगता जिसमें व्यक्ति को जीवन पर्यन्त किसी अन्य पर Depend रह कर जीवन यापन करता है।

Exp :- Amputation, (हाथ/पैर का कट जाना

④ Nutritional Rate Indicator (पोषण दर संकेतक) ⇒

इसमें ऊँचाई, वजन तथा बच्चो में भुजा का गहरा, सीने का गहरा (Circumferance) आदि का समय-समय पर माप कर Growth का आँकलन किया जाता है।

⑤ Socio Economic Indicator (सामाजिक आर्थिक संकेतक) ⇒

- सामाजिक एवं आर्थिक कारक भी व्यक्ति के स्वास्थ्य स्तर को प्रभावित करते है। सामाजिक एवं आर्थिक दर को मापने के लिये कई संकेतको का उपयोग किया जाता है।

- जनसंख्या वृद्धि दर
- औद्योगिक विकास दर
- मंहगाई दर
- विकास दर
- उत्पादन

⇒ उपयुक्त सभी दरो का अन्य देशो से तुलनात्मक अध्ययन किया जाता है।

www.RAJGHM.in
Nand NOVA
Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____
MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject

इसी आधार पर देश / प्रदेश के विकास के आधार का पता लगाया जाता है।

⑥ Environmental Indicator (पर्यावरणीय संकेतक) ⇒

- अन्य सभी कारको के साथ-साथ पर्यावरणीय कारक भी मानव के स्वास्थ्य पर प्रत्यक्ष / अप्रत्यक्ष रूप से प्रभाव डालते है।
- आज Industrial विकास के कारण पर्यावरण में प्रदूषण (वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण, मृदा प्रदूषण, खाद्य अशुद्धि आदि) होता है।
- पर्यावरण नष्ट होने के कारण Global warming की समस्या उत्पन्न हो रही है। जो कि अस्ति-विशेष के लिये चिन्ता का कारण न होकर पूरे विश्व के चिन्ता का कारण है।
- पर्यावरण को सुरक्षित करना आवश्यक है। नही तो आने वाले समय में स्वच्छ वायु, पानी और स्थान का संकट उत्पन्न हो जायेगा जो कि हमारे स्वास्थ्य स्तर को गिरा देगा।

⑦ Health Policy Indicator (स्वास्थ्य नीति संकेतक) ⇒

- स्वास्थ्य सेवाओ के लिये उपयुक्त बजट, संसाधनो का वितरण अन्य योजनाओं को स्वास्थ्य योजनाओं के साथ समन्वय कर कार्य करना ~~आवश्यक~~ है। आदि।
- देश की स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता को प्रदर्शित करती है।

⑧ Health Care delivary System (स्वास्थ्य सेवा वितरण संकेतक) ⇒

- स्वास्थ्य सेवाओ का वितरण अपने आप में एक दक्षता का कार्य है।
- हर देश / प्रदेश की अपनी भौगोलिक स्थिति होती है। जैसे - रेगिस्तान, पहाड़ी क्षेत्र, जंगल आदि।
- इन सभी भौगोलिक परिस्थितियों में स्वास्थ्य सेवाऐं वितरण किया जाना आवश्यक है। इसके लिये स्वास्थ्य सेवा वितरण प्रणाली प्रभावशाली होनी चाहिये।

WWW.RAJGNM.in
Nand NovA
Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____
MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject

- जो सुनिश्चित करे कि स्वास्थ्य सेवा सभी जगह आवश्यकतानुसार उपलब्ध हो रही है। और आमजन में भी पहुँच रही है।

- समय-समय पर स्वास्थ्य सेवाओ के वितरण की गुणवता की जाँच की जानी चाहिए।
- इस वितरण प्रणाली में कमी होने पर समुदाय के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव ~~क~~ पड़ता है।

- स्वास्थ्य सेवा वितरण प्रणाली ↑ ⇒ स्वास्थ्य स्तर ↑

* Determinants of Health

① Biological Determinant ⇒ यह मनुष्य के शरीर का आंतरिक घटक है जो कि मनुष्य के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है।

(a) Heredity (आनुवंशिक) ⇒ हर मनुष्य का अपना Genome होता है जो कि पीढ़ी दर पीढ़ी एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में स्थानान्तरित होता है।
- रंग, कद, शरीर, चेहरे की बनावट, बालो का रंग, बुद्धिमता आदि।
- Chromosome में विकृति के कारण भी मनुष्यो में विकृति उत्पन्न होती है।
Eg :- अल्पबुद्धि, मंदबुद्धि

(b) Age ⇒ मनुष्य की आयु का उसके स्वास्थ्य पर बहुत गहरा असर होता है।
- युवावस्था में मनुष्यो की Immunity power बच्चो व बुजुर्गो से अधिक होती है। यही कारण है कि युवा वर्ग अन्य की अपेक्षा अधिक स्वस्थ होते है।
- नवजात बच्चो की संरचना व कार्मीकि पूर्ण रूप से विकसित नही होती है। जिससे उनमे रोग के होने की संभावना अधिक होती है।
- बुर्जुग व्यक्तियो में संरचना व कार्मीकि की दक्षता उम्र के साथ कम होती है जिसके कारण बुर्जुग व्यक्तियो में बीमारी जल्दी गर्त ले लेती है।

Nand NovA

WWW.RAJGIM.in

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____

MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject


(c) Racial Factor (जातीय विशिष्टता) ⇒ जातीय विशिष्टता स्वास्थ्य को प्रभावित करती है।

(d) Sex ⇒ मनुष्य में महिलाओ में पुरूषो की अपेक्षा कम बीमारी देखने को मिलती है।

– जीवनशैली जनित बीमारी पुरूषो में ज्यादा देखने को मिलती है। इसका कारण तंबाकू, शराब, धूमपान, Fast food, Junk food, अनिश्चित दिनचर्या आदि। सभी कारक मधुमेह (Diabities), Heart attack, High B.P. को बढ़ावा देते है।

– महिलाओ में पुरूषो की अपेक्षा कम आनुवंशिक रोग एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में स्थानान्तरित होते है। इसका कारण यह है कि महिला वाहक का कार्य करती है। जैसे – हीमोफीलिया इस बीमारी को महिला (Carrier) एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में पहुँचाती है लेकिन स्वयं इस बीमारी से मुक्त रहती है।

वाहक महिला सामान्य पुरूष पुरूष



XX XY XX XY

वाहक महिला | रोगी पुरूष | सामान्य महिला | सामान्य पुरूष

② Environmental Factor ⇒

– मनुष्य के चारो ओर का वातावरण जिसमे वह रहता है Environment कहलाता है।

– मनुष्य के स्वास्थ्य के निर्धारण में जैविकीय घटक के साथ-साथ पर्यावरणीय कारक का भी योगदान होता है।

WWW.RAJGNM.in

Nand NovA

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Subject _____

Date : __/__/____
MON TUE WED THR FRI SAT SUN

② ~~Physical Environ~~

③ Social Environment ⇒ - मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है जो समूह में निवास करता है।
- सभी समाज के अपने सामाजिक मूल्य, नियम, रीति-रिवाज होते है जिसके साथ समन्वय रखकर चलना पड़ता है।
- हमारी सभी सामाजिक परम्परा, रीति रिवाज हमारे विकास के लिये पथ ~~प्रदर्शक~~ पथ प्रदर्शक है।
- इन सामाजिक नियमो में कई खामिया रह गई है जो समय के साथ खत्म होती जा रही है।

Eg :- पर्दा प्रथा, बाल विवाह, दहेज प्रथा, जाति प्रथा, सती प्रथा, महिला शिक्षा प्रतिबन्ध।

④ Life Style (जीवनशैली) ⇒ जीवन जीने का तरीका कहलाता है।
- सभी मनुष्यो के जीवन जीने का तरीका Life style अपने स्वयं के अनुरूप होता है।
- सभी मनुष्यों का रहन-सहन, खान-पान, पहनावा अपने तरीके से होता है।

जिसका मुख्य असर अपने चारो ओर के सामाजिक रीति-रिवाजो पर पड़ता है।

- जीवन शैली स्वास्थ्य पर बहुत गहरा प्रभाव डालती है।
- स्वस्थ जीवन ≠ शैली से मनुष्य की रोग-प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है।

(a) Healthy Lifestyle ⇒ - नियमित व्यायाम (Regular Exercise)
- संतुलित भोजन (Balance Diet)
- संयमित जीवन
- पर्यावरणीय स्वच्छता
- व्यक्तिगत स्वच्छता
- नशा मुक्त जीवन

WWW.RAJGNM.in
Nand NovA
Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

Subject _____

Date : __/__/____

MON TUE WED THR FRI SAT SUN

(b) Unhealthy Lifestyle ⇒ - आलस्य, Junk food, अनियमित दिनचर्या, तेलीय भोजन, नशा खोरी, अस्वच्छता, मोटापा, Heart attack, ~~मोटापा~~ Diabieties, High B.P. आदि।

(5) - अस्वच्छ जीवनशैली शरीर में कई प्रकार की ~~सेम~~ जीवनशैली रोग उत्पन्न करती है।

(5) Social Economic Factor ⇒ मनुष्य के स्वास्थ्य के निर्धारण में मनुष्य के जैविक, पर्यावरणीय के साथ-साथ सामाजिक व आर्थिक कारण भी जिम्मेदार होते है।

(6) Political Factor ⇒ किसी भी राष्ट्र का विकास जब तक संभव नही है जब तक कि इसमे निस्वार्थ एवं स्वच्छ राजनितिक सामंजस्य नही हो।

(7) Avability of Health Services ⇒ व्यक्ति के स्वास्थ्य निर्धारण में स्वास्थ्य सेवाओ की सही समय पर उपलब्धता होनी चाहिये।

- जिसमें समय पर रोगी का इलाज संभव हो सके।
- अभी भी हमारे देश में बहुत सारी जगह ऐसी है जहाँ स्वास्थ्य सेवा तो दूर पानी, बिजली का भी प्रबन्धन सही नही है। ऐसे स्थान पर व्यक्ति को रोग के उपचार के लिये दूर जाना पड़ता है। इसके अभाव के कारण कई बार रोगी व्यक्ति की जान चली जाती है।
- आज भी हमारे देश में स्वास्थ्य सेवाओ की कमी है। जिससे निम्न स्तर पर रोगी व्यक्ति का इलाज समय पर हो सके। कम से कम रोगी की मृत्यु या अपंगता होगी।

(8) Other Factor ⇒

(a) Educatim Level

(b) Rural Development

WWW.RAJGNM.in

Nand NOVA

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Subject _____

Date : __/__/____

MON TUE WED THR FRI SAT SUN

(c) High Quality farming
(d) Cultural Factor
(e) Nutritional factor

WWW.RAJGNM.in

..Nand

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Unit - 2

Subject: Community Health Nursing

Date: __/__/____

MON TUE WED THR FRI SAT SUN

* Introduction ⇒

Community health nursing एक Nurse द्वारा individual या family तथा community को प्रदान की जाने वाली वह स्वास्थ्य सेवा है जो उन्हें समुदाय में जाकर प्रदान की जाती है।

- Community health nursing के अन्तर्गत प्रदान की जाने वाली ~~सम~~ सेवाएँ समुदाय के विभिन्न भागो जैसे - घर, विद्यालय, मेला व क्लिनिक।

- Community health nursing के अन्तर्गत एक परिवार या एक समुदाय को एक इकाई मानकर स्वास्थ्य सेवा प्रदान की जाती है।

- यह स्वास्थ्य सेवाओ के नियोजन (Planning), ~~Impleti~~ Implementation में Nurse अधिकतम योगदान पर जोर देती है।

सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग के लक्ष्य (Goal of Community Health Nursing) ⇒

- सामुदायिक निदान करना।
- जीवन प्रत्याशा को बढ़ाना (Life expertense)
- Preventive Care प्रदान करना।
- Health programme की प्रगति देखना और आगे की रणनीति तैयार करना।
- रोगजनक कारको का पता लगाना।
- मृत्युदर (mortality rate) को कम करना।
- बीमारियों के बढ़ते हुये दर को कम करना।

Objective of Community Health Nursing ⇒

- Pregnant Female, old Female, नवजात एवं छोटे बच्चो की उचित देखभाल करना।
- Immunization के द्वारा रोगो को न के बराबर करना।
- Birth rate व Death Rate को कम करना।

Nand NOVA

WWW.RAJGNM.in

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____
MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject _____

- उचित देखभाल द्वारा मातृ मृत्यु दर (maternal mortality Rate), नवजात मृत्युदर (Neonate mortality rate) को कम करना।
- Disability की दर को कम करना।
- Old person, अपंग व्यक्ति की विशेष देखभाल करना।
- Envirnment Hygiene को बढ़ाना।
- रोगो की रोकथाम एवं समय पर उपचार करना।
- Family planning को बढ़ावा देना।
- Health education का मूल्यांकन करना।

Principle of Community Health Nursing :-

- सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओ को प्रभावी बनाने के लिये आवश्यक है कि इनका समय-समय पर मूल्यांकन किया जाये।
- Community health nurse को अपने लिये दिये गए ~~कार्य~~ कार्य को प्रभावी रूप से करना चाहिये।
- Community health nurse बिना किसी पक्षपात के सभी को समान रूप से health care उपलब्ध करवानी चाहिये।
- Community health nurse prevention better than Cure के सिद्धान्त पर कार्य करना चाहिये।
- सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओ में team भावना होनी चाहिये।
- Community health nurse स्वास्थ्य सेवा सभी को आसानी से उपलब्ध होनी चाहिये।
- Community health nurse का मुख्य उद्देश्य लोगो में रोगो की रोकथाम एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के लिये होना चाहिये।
- Community health nurse को अपने क्षेत्र की पूर्ण जानकारी होनी चाहिये।
- Community health nurse को उस क्षेत्र में होने वाली seasonal disease का अनुमान होना चाहिये और कौनसे समय में उस क्षेत्र मे होने वाली मौसमी बीमारियों का खतरा रहता है।

WWW.RASNM.in
Nand NovA
Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____

MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject

- सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओ का सही रूप से Record सुरक्षित होना चाहिये तथा साथ ही समय-समय पर report उच्च अधिकारियों को दी जानी चाहिये।

Concept of Community Health Nursing ⇒

- Community health Nurse की सेवाएँ व्यक्ति, परिवार, Community को ध्यान में रखकर उदान की जाती है।

- सामुदायिक स्वास्थ्य में Nursing disease prevention आदि सेवाओं पर अधिक जोर दिया जाता है।
- Community health Nurse का मुख्य उद्देश्य Community में health को बढ़ावा देना है।
- Community health Nurse स्वास्थ्य सेवाएँ Community की आवश्यकताओं के अनुसार होनी चाहिये।
- Community health Nurse community की धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक मूल्यो, रीति-रिवाज का समर्थन करती है।
- Community health Nurse के अंतर्गत स्वास्थ्य, व्यक्ति, समुदाय का मौलिक अधिकार मानते हुये कार्य करना है।
- Community health nurse इस बात का समर्थन करती है बिना समुदाय की भागीदारी के community में health को उच्च स्तर पर पाना संभव नही है।
- Community health nurse सेवाओ में लक्ष्य प्राप्ति के लिये team भावना का समर्थन करती है।

Importance of Community Health Nursing ⇒

- सामुदायिक स्वास्थ्य देखभाल व्यक्तिगत नही है होकर एक सामुदायिक स्वास्थ्य देखभाल है Nursing जो कि समुदाय के विकास को सुनिश्चित करती है।
- Community health nursing में prevention of disease पर मुख्य रूप से जोर दिया जाता है।

WWW.RAJGNM.in

Nand NOVA

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____
MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject

जो कि व्यक्ति मे रोगो की उत्पति ही न हो एवं उसका स्वास्थ्य बेहतर हो।

- Community health nurse में team भावना पर जोर दिया जाता है जिससे सभी स्वास्थ्यकर्मियो में 'हम की भावना' विकसीत हो सके।

- Community health Nurse देखभाल स्वास्थ्य केन्द्र तक ही सीमित नही होकर home visit, चौपाल आदि तक प्रदान की जाती है जिससे रोगकारको का शीघ्र पता लगाया जा सकता है।

- Community health nurse में देखभाल तीन स्तर पर की जाती है जिसे आवश्यकता पडने के अनुसार देखभाल प्रदान की जाती है।

- Community health nurse में विभिन्न स्वास्थ्य अनुसाधनो द्वारा बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की वृद्धि पर जोर दिया जाता है।

- Community health Nurse में Community की निगरानी द्वारा रोगकारको का प्राथमिक अवस्था में ही पता लगाया जाता है।

- Community health Nurse जोखिम work का विशेष ध्यान रखती है।

- Community health Nursing में गर्भवती महिला व नवजात देखभाल पर विशेष जोर दिया जाता है जिससे इनकी मृत्युदर में अपेक्षाकृत कमी लाई जा सके।

Quality of Community Health Nurse ⇒

① निर्देशक एवं समन्वयक (Director and Cordinator) ⇒

- सामुदायिक Nurse को प्रबंधक के रूप में उसको केवल नियोजन एवं परिपालन को ही नही देखना होता है। बल्कि उसे यह भी सुनिश्चित करना होता है कि कार्य सुव्यवस्थित एवं प्रभावित ढंग से हो रहा है या नहीं।

Nand NovA

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____
MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject

- उसको अपनी सहयोगी को बताना होता है कि कार्य कैसे किया जाता है और उसके लिये प्रेरित करना होता है कि एवं सहयोगी को आवश्यक सूचना का आदान - प्रदान करना चाहिये।

② नियोजनकर्ता (Planner) ⇒ Community Health Nurse को किसी भी कार्य को मूर्त (सम्पूर्ण रूप) देने से पूर्व उस को भली - भांति नियोजन को सुनिश्चित करना चाहिये। जिससे कार्य समय पर भली - भांति सम्पन्न हो सके।

③ सयोजक (Organier) ⇒ सामुदायिक स्वास्थ्य नर्स को सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं का महत्वपूर्ण अंग मानते हुये कार्य करना चाहिये।

- इसके बिना सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओ का वितरण प्रभावी ढंग से नही हो सकता है। उसे एक सयोजक की तरह समुदाय में देनी होती है। Community Health Services

④ Observer (निरीक्षक) ⇒ Community Health Nurse एक संवेदनशील प्रभावी निरीक्षक रूप से Community में कार्य करती है। वह निरीक्षण द्वारा community के लोगो की Health देखभाल एवं उसे प्रभावित करने वाले कारको (Risk Factor) का पता लगाती है।

- उसी कर्म में उनके समुदाय में स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले कारको का अनमुलन Health education के माध्यम से करती है।

⑤ देखभाल करने के रूप में (As a Care Provider) ⇒

- Community Nurse, Community में समुदाय के लोगो के लिये देखभाल प्रदान करने के लिये सजग रहती है।

- सामुदायिक Nurse लोगो को आवश्यकता के अनुसार स्वास्थ्य देखभाल

WWW.RAJGNM.in
Nand NOVA
Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____

MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject _____

प्रदान करती है उसका मुख्य सेवाओ पर होता है जिससे कि Focous Preventive Community में बीमारियाँ होने की संभावना कम रहे।

Eg :- Immunization, Family planning, Health Education, Environmental Hygiene, मातृ शिशु स्वास्थ्य सेवा, Safe Dranking water.

⑥ As a Health Educator ⇒ स्वास्थ्य शिक्षा सामुदायिक स्वास्थ्य सेवा का मुख्य भाग है। जिसमें उसे समुदाय के लोगो को जागरूक करने के लिये स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान करनी होती है। जिससे लोग स्वयं अपने और अपने परिवार के सदस्यो के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहे। एवं जब भी सेवाओ की आवश्यकता हो तो तुरंत स्वास्थ्यकर्ता से संपर्क करे। जिससे कि रोगो का निदान समय पर हो सके और घातक स्थिति पैदा ना हो।

Exp :- शुद्ध जल, टीकाकरण, स्वस्थ दिनचर्या, शौचालयो का प्रयोग, खाना-खाने से पहले हाथ धोना, शोच के पश्चात् अच्छी तरह हाथ धोना।

⑦ As a Advocater ⇒ सामुदायिक स्वास्थ्य Nurse समुदाय एवं विशिष्ट सेवाओ के बीच एक कडी के रूप में कार्य करती है व स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमो के परिपालन को प्रभावी बनाने के लिये उपलब्ध सेवाओ के बारे में जनसमुदाय को जानकारी प्रदान करती है। एवं उन सेवाओ के उपयोग के लिये प्रेरित करती है।

⑧ As a Advisor ⇒ सामुदायिक Nurse क्योंकि समुदाय के लोगो के बीच रहती है उसकी विश्वसनीयता समाज के लोगो में अधिक होती है इस कारण लोग Nurse की सलाह पर अधिक विश्वास करते है जिससे किसी भी समस्या के दौरान वह लोगो को समस्या से समाधान प्राप्त करा सकती है।

⑨ As a Colaborater ⇒ ~~सामुदायिक~~ समुदाय में बहुत सारी समस्या होती है जिससे किसी एक शक्ति द्वारा पूर्ण

Nand NovA

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____
MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject

निजात नही दिलाया जा सकता है ऐसे में सामुदायिक Nurse को समुक्त प्रयास करना चाहिये।

जैसे - अन्य स्वास्थ्य कर्ता, स्वयं सेवक संगठन, अन्य विभाग और समुदाय के लोगो आदि में संयुक्त प्रयास द्वारा सही स्वास्थ्य समस्या का निदान किया जा सके।

⑩ As a Leader ⇒ सामुदायिक स्वास्थ्य Nurse समुदाय में सेवा प्रदान करने वाली मुख्य इकाई है। जिसके लिये वह अपने सहयोगी व समुदाय के लोगो को प्रेरित करने की क्षमता होनी चाहिये। जिससे वह बेहतर जीवन प्राप्त कर सके एवं पर्यावरण में स्वच्छता, पूर्ण पोषण के लिये समुदाय के अन्य लोगो को प्रेरित करे।

⑪ As a Controller ⇒ सामुदायिक Nurse समुदाय में स्वास्थ्य सेवाओ की उपलब्धता के लिये प्रभावी रूप से जिम्मेदार होती है। उसे स्वास्थ्य सेवाओ के परिपालन को सहयोगियो की सहायता से प्रभावी बनाना चाहिये एवं यह भी सुनिश्चित करना चाहिये कि उनकी पुनरावर्ति न हो और न ही कोई व्यक्ति इससे अछुता रहे।

⑫ As a Evaluator ⇒ किसी भी स्वास्थ्य सेवाओ की प्रभाविता को जानने के लिये उसका समय-समय पर मूल्यांकन किया जाना चाहिये। जिससे उस स्वास्थ्य सेवा की प्रभाविता व कमी की जानकारी प्राप्त कर सके। सामुदायिक Nurse राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं स्वास्थ्य सेवाओ का समय-समय पर मूल्यांकन करती है जिससे स्वास्थ्य सेवा का पता लगा सके।

⑬ As a Researcher ⇒ सामुदायिक Nurse समय के साथ-साथ अनुसंधान द्वारा स्वास्थ्य सेवा को सुनिश्चित करती है जिससे कम संसाधनो से बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान की जा सके।

WWW.RAJGNOU.in
Nand NovA
Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____

MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject _____

* Function of Community Health Nurse ⇒

① Assessment ⇒ सामुदायिक Nurse का सर्वप्रथम कार्य अपने क्षेत्र के लोगो का Health status जानना है।

- समुदाय के लोगो की उम्र, लिंग, समुदाय में व्यापत रोग, व्यक्ति विशेष को बच्चे एवं गर्भवती महिलाओं आदि का पूरा लेखा जोखा रखना। (Record)
- Community मे रहने वाले रोगियो की पहचान करना।
- समुदाय मे रोगियो की स्वास्थ्य समस्याओ को ज्ञात करना।
- Epidemilogical survey करना।

② Planning (नियोजन) ⇒ स्वास्थ्य सेवाओ के कार्यक्षेत्र के अनुरूप स्वास्थ्य नियोजन करना।

जैसे - मेला, विद्यालय, आंगनबाडी, Sub center आदि।

- स्वास्थ्य सेवाओ का नियोजन आवश्यकतानुसार (व्यक्ति विशेष, परिवार, समुदाय) करना।
- स्वास्थ्य सेवाओ के अल्पकालिक, मध्यकालिक एवं दीर्घकालिक लक्ष्यों का निर्धारण करना।
- स्वास्थ्यकर्मियो में स्वास्थ्य सेवाओ के विभाजन का नियोजन करना जिससे ~~स्वास्थ्य सेवाओ~~ कार्य का विभाजन किया जा सके।
- स्वास्थ्य सेवाओ को आवश्यकता के अनुरूप में समुदाय को उपलब्ध करवाना।
- स्वास्थ्य कार्यक्रम के परिपालन का नियोजन करना।

③ Implementation ⇒ सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओ का नियोजन सही ढंग से किया जाना आवश्यक है।

- सामुदायिक Nurse विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रम का परिपालन करती है।
- टीकाकरण करना।
- गर्भवती महिलाओ की देखभाल करना।
- शिविर (Camp) आयोजित करना।

Nand NovA

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____
MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject _____

- रोगो का उपचार करना।
- Delivery (प्रसव) करवाना।
- जन्म, मृत्यु पंजीकरण करना।
- गर्भवती महिला एवं नवजात शिशु पंजीकरण करना।
- स्वास्थ्य योजनाओ के बारे में समुदाय के लोगो को जानकारी उपलब्ध करवाना।

④ Evaluation (मूल्यांकन करना) ⇒ अपने केन्द्र द्वारा किये गये कार्यो की समय-समय पर जाँच करना।

- महामारी की प्रगति की समीक्षा कर उच्च स्तर पर अवगत Report करवाना।
- स्वास्थ्य सेवाओ की प्रभाविता को ज्ञात करना और उसे दृढ़ बनाने पर जोर देना।
- स्वास्थ्य सेवाओ की हर महीने उच्च अधिकारियो को देना। Report

* ⑤ Education ⇒ सामुदायिक आशा सहयोगिनी, दाई, स्वास्थ्य कार्यकर्ता आदि को Nurse ANM, परिक्षण उपलब्ध करवाती है। निर्मित अन्तर पर

- नई तकनीक आदि का परीक्षण प्राप्त कर सहयोगी कर्मियो को प्रदान करती है।

⑥ प्रशासन (Administration) ⇒ - सामुदायिक स्वास्थ्य को ~~कार्यस्थल~~ कार्यरत स्थल का पूरा record रखना होता है। साथ ही Nurse इसकी जानकारी अपने उच्च स्तर पर प्रस्तुत करनी होती है।

- Record जैसे कि जन्म मृत्यु पंजीकरण, रोग विशेषज्ञ पंजीकरण विभाग, गर्भवती महिला पंजीकरण, टीकाकरण पंजीकरण, OPD और IPD।

⑦ अनुसंधान (Research) ⇒ स्वास्थ्य सेवाओ के अधिक विकास के लिये सामुदायिक Nurse विभिन्न अनुसंधान में भाग लेती है जिससे स्वास्थ्य सेवा

Nand NOVA

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____
MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject _____

अधिक दृढ़ बनायी जा सके। जैसे → Seminar, Confrence

⑧ Other ⇒ - Health in formation management system (स्वास्थ्य सूचना प्रबंधन प्रणाली)

- Pt. refer करना। और Referal सेवाएँ प्रदान करना।

* Function of Community Health workers ⇒

- समुदाय में विभिन्न स्वास्थ्यकर्मी अपनी-अपनी सेवाएँ प्रदान करते है जिनका कार्य अपने-अपने पद के अनुसार अलग-अलग होता है।

① Female Help Worker (महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता) ⇒

(a) KARTAR SINGH COMMITTE ⇒ KARTAR SINGH COMMITEE के अनुसार सरकार द्वारा बहुउद्देश्यीय, कार्यकर्ता स्वास्थ्य scheme (Multipurpose Health worker scheme) शुरू की गई। जिसके अन्तर्गत प्रत्येक sub center पर एक महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता नियुक्त की गई।

- Sub center प्रत्येक 5000 की जनसंख्या पर स्थापित किये गये। ये संख्या पहाड़ी क्षेत्रो के लिये 3000 रखी गई।

- Health sub center पर एक पुरुष स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं एक महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता को नियुक्त किया जाता है।

• महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में निम्न कार्य करती है -

(i) Maternal and Child Health Service ⇒ यह अपने क्षेत्र में नवजात शिशु, गर्भवती महिला एवं स्तनपान करवाने वाली महिलाओ को प्राथमिक देखभाल उपलब्ध करवाती है एवं इनका

Nand NovA
Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____
MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject _____

पंजीकरण कर समय-समय पर करती है।
- गर्भावस्था के दौरान आशिनक Home visit
- गर्भावस्था का पंजीकरण। पोषण की सुनिश्चितता।
- गर्भावस्था के समय 1 माह के अंतराल Tetanus (T.T.) का टीका 2 बार लगवाना।
- गर्भावस्था की सामान्य जाँच करना।
- गर्भावस्था के दौरान एवं की दी जाना।
- गर्भावस्था के दौरान Iron follic acid Calcium tablet
- गर्भावस्था के दौरान गर्भवती महिला को पर्याप्त आराम की सलाह देना।
- गर्भावस्था के दौरान किसी भी प्रकार असामान्यता में महिला को उच्च स्तर पर refer करना।
- Normal delivery करवाना।
- नवजात शिशु की देखभाल करना।
- नवजात शिशु का पंजीकरण करवाना।
- नवजात शिशु को Zero dose टीके लगवाना।

(ii) Prevention and control of communicable disease ⇒

- महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में स्थित संक्रामक रोग से पीडित रोगो को लेकर काफी सतर्क रहती है तथा इन रोगो का अन्य किसी से संक्रमण न फैले इसके लिए अन्य रोगियो को अलग रखकर उपचार करती है। एवं उन्हें रोकने के लिये टीकाकरण स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान करती है।

(iii) Immunization ⇒ महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता अपने क्षेत्र के लोगो में टीकाकरण सुनिश्चित करती है।
- बच्चो का टीकाकरण जैसे - खसरा
आदि राष्ट्रीय प्रतिरक्षा Polio, , T.B., Tetanus, Hepatitis-B सारणी के अनुरूप समय पर लग रहे है या नही।
- गर्भवती महिला में 1 माह के अंतराल पर 2 बार टीकाकरण को सुनिश्चित करती है।

WWW.RAJENM...
Nand NOVA
Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____

MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject _____

(iv) स्वास्थ्य देखभाल या Health Care ⇒ महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता अपने क्षेत्र के लोगो का सामान्य बीमारी की अवस्था मे उपचार करती है।
जैसे - खाँसी, जुकाम, बुखार एवं दुर्घटनाग्रस्त मरीजो को प्राथमिक उपचार प्रदान करती है।
- यदि रोगी की स्थिति लागक है तो उच्च Center पर Refer करती है। Refer

(v) Family Planning (परिवार नियोजन) ⇒ - महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में स्थित योग्य दंपतियों की सूची बनाकर उन सभी को परिवार नियोजन के बारे में बताती है एवं सरकार द्वारा स्थायी समाधान ~~साधन~~ अपनाने पर की जाने वाली ~~प्रोत्~~ प्रोत्साहन साहसी के बारे मे जनसमुदाय को बताती है।

- अस्थायी गर्भनिरोधक साधनो के बारे में विस्तार से चर्चा करती है एवं उपयोग के लिये प्रोत्साहित करती है।
- छोटा परिवार सुखी परिवार श्लोको के बारे मे चर्चा करती है एवं बच्चो के मध्य 3 साल के अंतराल के फायदे बताती है।

(vi) Health Education ⇒ महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओ पर जनसमुदाय को शिक्षा प्रदान करती है।

(1) ~~Family Planning~~ ⇒ - व्यक्तिगत स्वच्छता, पोषण पर्यावरण स्वच्छता, टीकाकरण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य इन सभी पहलुओ पर शिक्षा प्रदान कर जनसमुदाय को जागृत करती है। जिससे लोग स्वास्थ्य के लिये जागरूक हो सके एवं उपचार से मिली रोकथाम तथ्य पर अमल कर लोग यह जान सके कि किस प्रकार स्वच्छता, पोषण, टीकाकरण आदि के माध्यम से रोग मुक्त रहा जा सकता

WWW.RAJNM.in
Nand NOVA
Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____
MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject _____

एवं समय पर टीकाकरण किस प्रकार रोगो से रक्षा करता है।

(vii)

Recording and Reporting ⇒ महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता अपने उप स्वास्थ्य केन्द्र पर विभिन्न Record एवं Report का रखरखाव करती है।

- Staff Register
- Attendence ~~Patient~~ Register
- OPD Register
- Dak Register
- Home visit Reg.
- परिक्षण Reg.
- Immunization Reg.
- Family planning Reg.

(viii)

Nutration (पोषण) ⇒ महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में स्थित कुपोषित बच्चे (0-5 year) के पहचान करती है एवं आवश्यकतानुसार उन्हे चिकित्सकीय उपचार प्रदान करवाती है।

- स्वास्थ्य कार्यकर्ता गर्भवती महिला के लिये पर्याप्त पोषण एवं Iron की follic acid tablet को दिये जाने को सुनिश्चित करती है।
- स्वास्थ्य कार्यकर्ता आंगनबाडी केन्द्रो की सहायता से गर्भवती स्तनपान करवाने वाली महिलाओ के पूर्ण आहार को सुनिश्चित करती है।

② Male Health Worker ⇒

- Kartar Singh Committe के अनुसार पर सरकार द्वारा (male purpose) Health worker scheme शुरू की गई।
- उपस्वास्थ्य केन्द्र प्रत्येक 5 हजार की जनसंख्या में स्थापित किये गये।

WWW.RAJGNM.IN

Nand NOVA

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____
MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject

- यह सरन्या पहाडी क्षेत्रो के लिये 3 हजार रखी गई।
- प्रत्येक उपस्वास्थ्य केन्द्र पर एक male health worker एवं एक Female Health worker नियुक्त किया गया।
- male health worker अपने क्षेत्र में निम्न कार्य सम्पादित करता है -

① National Health Programme ⇒

- Health worker (male) अपने क्षेत्र में विभिन्न राष्ट्रीय ~~कार्यक्रमों~~ कार्यक्रम का संचालन करता है। एवं सुनिश्चित करता है कि जनसमुदाय किसमे सक्रिय भूमिका निभा रहा है एवं जनसमुदाय को इन कार्यक्रमो के उद्देश्य, सरकार की नीति एवं जनसमुदाय को इसमें होने वाले लाभ के बारे में बताता है।

② National Blindness Program ⇒

- To control for Blindness
- राष्ट्रीय एड्स control programme
- प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम

③ Prevention of Control of Communication Disease ⇒

स्वास्थ्य कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में स्थित Communication disease से पीडित लोगो को लेकर काफी सतर्क रहता है एवं उन सक्रामक रोगो का अन्य में संक्रमण नही फैले उसके लिये उनका अलग उपचार करता है एवं अन्य में उसको होने से रोकने के लिये टीकाकरण व Health education प्रदान करता है।

④ Immunization ⇒

- स्वास्थ्य कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में जन समुदाय में टीकाकरण सुनिश्चित करता है।
- बच्चो का टीकाकरण सुनिश्चित करता है कि बच्चो में National Immunization schedule के अनुरूप टीकाकरण किया जा रहा है। एवं सभी

WWW.RAJGNM.in
Nand NOVA
Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____
MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject

बच्चो मे टीकाकरण पूर्ण रूप से किया जा रहा है। जैसे - Polio, गलगोटू, Hepatitis - B_1

⑤ Health Care ⇒ स्वास्थ्य कार्यकर्ता अपने क्षेत्र ~~की~~ के लोगो की सामान्य बीमारी का उपचार करता है। जैसे - जुकाम, खांसी, बुखार एवं दस्त आदि दुर्घटना ग्रस्त Pt. को प्राथमिक उपचार प्रदान करता है।

- यदि रोगी की स्थिति गंभीर है तो रोगी को उच्च स्तर पर Refer करता है।

⑥ Family Planning ⇒ स्वास्थ्य कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में स्थित illigible couples की सूची बनाकर सभी को परिवार नियोजन के बारे मे जानकारी प्रदान करता है एवं Govt. द्वारा अस्थायी गर्भनिरोधक साधनो के बारे में विस्तार से चर्चा करता है। तथा उपयोग के लिये प्रोत्साहित करता है।

- स्थायी गर्भनिरोधक साधन अपनाने पर दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि के बारे में जनसमुदाय को बताता है।

- Govt. के श्लोकन "छोटा परिवार, सुखी परिवार" के बारे में बताता है एवं इसके पीछे Govt. के उद्देश्य के बारे में चर्चा करता है।

- बच्चो के मध्य 3 साल के अंतर के फायदे के बारे में बताता है।

⑦ Health Education ⇒ स्वास्थ्य कार्यकर्ता स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओ पर जनसमुदाय को शिक्षा प्रदान करता है -

- परिवार नियोजन
- व्यक्तिगत स्वच्छता
- पोषण
- पर्यावरण स्वच्छता
- टीकाकरण

WWW.RAJGNM.in
Nand NOVA
Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____

MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject _____

- मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य
- रोग नियंत्रण
- स्वास्थ्य कार्यक्रम

- सभी पहलुओ पर शिक्षा प्रदान कर जनसमुदाय को जागृत करता है। जिससे रोग स्वास्थ्य के लिये जागरूक हो सके। एवं उपचार से भली रोकथाम के तथ्य पर अमल कर सके।

⑧ Recording and Reporting ⇒ स्वास्थ्य कार्यकर्ता अपने स्वास्थ्य केन्द्र पर Report एवं Record का रख रखाव करता है।

- Staff Register
- परीक्षण Register
- डाक Register
- गृहविभाग Register
- OPD Register
- टीकाकरण Register
- परिवार नियोजन Register

⑨ Nutration ⇒ स्वास्थ्य कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में स्थित कुपोषित बच्चो (0-5 year) की पहचान करता है। एवं उन बच्चो को चिकित्सकीय उपचार प्रदान करता है।

- स्वास्थ्य कार्यकर्ता जरूरतमंदी महिलाओ के लिये पर्याप्त पोषण Iron follic acid की tablet सुनिश्चित करता है।

- कार्यकर्ता आंगनबाडी केन्द्रो की सहायता से गर्भवती, स्तनपान करवाने वाली महिलाओ व बच्चो (0-5 Year) के पूर्व आहार को सुनिश्चित करता है।

WWW.RAJGNM.in

Nand NovA

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____

MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject _____

* Health Assistant Female ⇒

- KARTAR SINGH COMITEE के द्वारा अनुशासित बहुउद्देश्य स्वास्थ्य कार्यकर्ती Scheme के तहत 20 हजार से 30 हजार की जनसंख्या पर महिला स्वास्थ्य सहायक की नियुक्ति की गई।
- यह जनसंख्या सामान्य क्षेत्र के लिये 30 हजार रखी गई जबकि पहाड़ी क्षेत्रो के लिये 20 हजार रखी गई।
- इसके कार्यक्षेत्र में 6 स्वास्थ्य उपकेन्द्र आते है। जिसका स्वास्थ्य सहायक को Supervisiom करना होता है।

① Supervisiom ⇒ स्वास्थ्य सहायक अपना सहयोगी कार्यकर्ता द्वारा सम्पादित किये जाने वाले कार्य का Supervisiom करती है कि कार्य सम्पादन सही रूप से हुआ है या नही।

- यदि कार्य सम्पादन में किसी भी प्रकार की कमी रही तो उसके सुधारे जाने के लिये आवश्यक दिशा-निर्देश स्वास्थ्य कार्यकर्ताओ को प्रदान करती है।

- स्वास्थ्य सहायक अपने स्वास्थ्य केन्द्र के अन्तर्गत आने वाले उपस्वास्थ्य केन्द्रो की साप्ताहिक Visit करती है एवं इस दौरान किये गये कार्यो की समीक्षा करती है। एवं आवश्यकतानुसार दिशा-निर्देश प्रदान करती है।

- वह स्वास्थ्य कार्यकर्ताओ के कार्य की Planning एवं Implementation के लिये आवश्यक मार्गदर्शन करती है।

- वह स्वास्थ्य कार्यकर्ताओ की मासिक समीक्षा व Report अपने उच्च अधिकारियो को प्रस्तुत करती है।

WWW.RAJGNM.in

Nand NOVA

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Subject _____

Date : __/__/____
MON TUE WED THR FRI SAT SUN

② Family Planning ⇒ स्वास्थ्य कार्यकर्ती weekly रूप से Sub center पर परिवार नियोजन clinical camp का आयोजन करती है।
जैसे → नसबंदी camp

③ Environmental Hygiene ⇒ स्वास्थ्य सहायक अपने क्षेत्र में पर्यावरण स्वास्थ्य के लिये लोगो को प्रेरित करती है। एवं पर्यावरण स्वच्छता के लिये अपने स्वास्थ्य कार्यकर्ताओ द्वारा की गई गतिविधियो की समीक्षा करती है।
- आवश्यकता होने पर स्वयं जनसमुदाय में जाकर शौचालय उपयोग, स्वच्छ जल, मलमूत्र, कचरे एवं गंदे पानी का उचित निस्तारण आदि की जानकारी समुदाय को प्रदान करती है।
- साथ ही वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण व मृदा प्रदूषण की समीक्षा भी करती है।

④ Prevention and Control of Communicable disease ⇒
- स्वास्थ्य सहायक संक्रामक रोगो से पीडित रोगियो के उपचार की समीक्षा करती है।
- Communicable disease की रोकथाम के लिये स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा किये गये कार्य की समीक्षा करती है।
- Communicable disease को फैलने से रोकने के लिये स्वास्थ्य कार्यकर्ताओ को आवश्यक दिशा-निर्देश देती है।
- महामारी की स्थिति में अपने उच्च अधिकारियो को सूचित करती है।

WWW.RAJGNM.in
Nand NovA
Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____

MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject _____

⑤ Immunization ⇒ स्वास्थ्य सहायक टीकाकरण को सुनिश्चित करती है।
- टीकाकरण की उपलब्धता को सुनिश्चित करती है।
- टीकाकरण द्वारा टीकाकृत बच्चो की जानकारी प्राप्त करती है।
- टीकाकरण Register से वंछित बच्चो की जानकारी प्राप्त करती है।
- टीकाकरण कार्यक्रमो की समीक्षा करती है।
- गर्भवती महिलाओ के टीकाकरण को सुनिश्चित करती है।

⑥ Nutration ⇒ - स्वास्थ्य कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में स्थित कुपोषित बच्चो (0-5 वर्ष) की पहचान करती है एवं आवश्यकतानुसार उन्हे चिकित्सीय उपचार उपलब्ध करवाती है।
- स्वास्थ्य कार्यकर्ता गर्भवती महिला के लिये पर्याप्त पोषण एवं सुनिश्चित करती है। Iron follic acid की tablet
- स्वास्थ्य कार्यकर्ता आंगनबाडी केन्द्रो की सहायता से गर्भवती एवं स्तनपान करवाने वाली महिलाओं एवं बच्चो के पूर्ण आहार को सुनिश्चित करती है।

⑦ Maintainance of Health Sub Center ⇒ स्वास्थ्य सहायक अपने क्षेत्र के अन्तर्गत कार्यरत उपस्वास्थ्य केन्द्रो पर दवाईयाँ एवं सामग्री की उपलब्धता को सुनिश्चित करती है। / Vaccine
- उपस्वास्थ्य केन्द्र के नियमित रख-रखाव की जाँच पडताल करती है एवं आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करती है।

⑧ Health Education ⇒ - स्वास्थ्य सहायक अपने क्षेत्र के लोगो को विभिन्न ~~मु~~ पहलुओ पर स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान करती है।
- मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य
- पर्यावरण स्वास्थ्य

WWW.RAJGNM.in

Nand NOVA

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____
MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject _____

- परिवार नियोजन
- टीकाकरण
- व्यक्तिगत स्वच्छता
- राष्ट्रीय कार्यक्रमों की जानकारी

⑨ Recording and Reporting ⇒ - स्वास्थ्य सहायक अपने स्वास्थ्य कार्यक्रमो द्वारा तैयार किये गये Record की समीक्षा करती है एवं इसकी Reporting अपने उच्च अधिकारियों को करती है।

⑩ In Service Education ⇒ स्वास्थ्य सहायक अपने सहयोगी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओ की in service education सुनिश्चित करती है एवं नवीन ज्ञान तकनीक की अपने सहयोगी से विस्तार पूर्वक चर्चा करती है।

⑪ Maternal and Child Health Service ⇒ स्वास्थ्य सहायक अपने सहयोगी कार्यकर्ताओं को उनके क्षेत्र में स्थित गर्भवती महिलाओ के लिये विशेष पोषण एवं देखभाल के लिये दिशा-निर्देश करती है।

- गर्भावस्था के दौरान किसी भी प्रकार की असामान्य स्थिति में Referal के लिये प्रेरित करती है।
- गर्भावस्था के दौरान T.T. का टीका करवाना सुनिश्चित करती है।
- प्रसव के पश्चात बच्चा देखभाल निर्देशित करती है एवं नवजात का टीकाकरण सुनिश्चित करती है।

WWW.RAJGNM.in

Nand NovA

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____

MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject _____

* Health Assisstant male ⇒

(i) Supervision
(ii) Family planning
(iii) Environmental Hygiene
(iv) Prevention & control of communicable disease
(v) Immunization
(vi) Nutration
(vii) Maintaince of Health Sub Center
(viii) Health Education
(ix) Recording and Reporting
(x) In service education
(xi) Maternal and Child Health service

* ASHA (Accuredited Social Health Activist) ⇒

- राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के तहत प्रत्येक एक हजार की जनसंख्या पर एक महिला का चुनाव किया गया जो कि उस क्षेत्र की रहने वाली हो, 25-45 वर्ष की होनी चाहिये, जिसने कम से कम 8 वीं तक शिक्षा प्राप्त कर रखी हो।
- उसमे नेतृत्व करने की क्षमता हो एवं कौशल संवाद स्थापित करने की क्षमता हो।
- दूरगामी, पहाडी क्षेत्र या कम जनसंख्या पर भी चुनी जा सकती है।
- राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन की ASHA मूल कुंजी है।

Role of ASHA ⇒ यह समुदाय में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता प्रदान करती है।

- समुदाय में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओ के उपयोग के लिये प्रेरित करती है।

WWW.RAJNM.IN

Nand NOVA

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____

MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject _____

- समुदाय को स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान करती है।
- पर्यावरण का स्वास्थ्य पर किस प्रकार प्रभाव पडता है इसकी जानकारी देती है।
- समुदाय के ~~से~~ लोगो को संस्थागत प्रसव व टीकाकरण के लिये प्रेरित करती है।
- ASHA स्वास्थ्य एवं ग्रामीण जनसंख्या के बीच एक योजक कडी के रूप में कार्य करती है।
- ASHA को अपने संबंधित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर साप्ताहिक चर्या करनी होती है।

- ASHA प्रोत्साहन को संस्थागत प्रसव के लिये प्रेरित करने पर 200 या 400 रूपये राशि के रूप में दिये जाते है।
- शिशु का सम्पूर्ण टीकाकरण होने पर ASHA को 150 रूपये प्रोत्साहन राशि के रूप में दिये जाते है।
- ASHA को समय-समय पर प्रशिक्षण दिया जाता है इस दौरान उसे परिवहन भत्ता, क्षतिपूर्ति पूर्ति, भत्ता, भोजन भत्ता आदि दिया जाता है।

- ASHA ads post, Sub center, Primary health center पर उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में गाँव के लोगो को जानकारी प्रदान करती है।

- ASHA ग्राम पंचायत स्तर पर लोगो को स्वस्थ पर्यावरण के प्रति जागरूक करती है।
- ASHA मौसमी बीमारियो के बारे में लोगो को जागरूक करती है इसके नियंत्रण एवं रोकथाम के उपायो के बारे में बताती है।
- ASHA समुदाय के जोखिम वर्ग बालक, गर्भावस्था महिला, वृद्धजनो को समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण के लिये प्रेरित करती है।
- ASHA उपलब्ध परिवार नियोजन साधनो की जानकारी योग्य दंपत्ति को प्रदान करती है।
- Communicable disese से पीडित रोगी की निगरानी रखती है तथा साथ ही उसे उपचार के लिये प्रेरित करती है।
- रोगी के परिवारजनो को रोग की गंभीरता के बारे में अवगत कराती है एवं

WWW.RAJGNM.in

Nand NovA

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____

MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject _____

नियोजित सम्पर्क एवं सम्पर्क के समय रखी जाने वाली आवश्यक सावधानियो के बारे में बताती है।

WWW.RAJGNM.in

Nand NOVA

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Unit-2

Chapter-6

Date : __/__/____

Subject

MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Community Health Nursing Process

* Introduction of Nursing Process ⇒

Nursing process nursing देखभाल करने के लिये एक वैज्ञानिक विधि है जिसका उपयोग एक व्यक्ति, परिवार अथवा समुदाय को बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिये किया जाता है।

- Nurse द्वारा रोगी को स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करते समय उसके द्वारा सम्पादित की जाने वाली गतिविधियाँ विभिन्न चरणो में पूर्ण होती है जिन्हें सम्मिलित रूप से Nursing प्रक्रिया कहते है।

Defination of Nursing Process ⇒ Nursing process is a problem solving process.

- Nursing process is a serious of stage to achieve the nursing objective.

Characterstics of Nursing Process ⇒

- Nursing process एक वैज्ञानिक तकनीक है।
- यह एक योजनाबद्ध प्रक्रिया है।
- यह एक purposefull process है।
- यह एक लक्ष्यपूर्ण प्रक्रिया है।
- यह रोगी को ध्यान में रखकर की जाने वाली प्रक्रिया है।
- यह एक Evulation प्रक्रिया है।
- यह Nurse को nursing activity के लिये आधारभूत ढांचा प्रदान करती है।

Objective of Nursing Process ⇒

- रोगी की आवश्यकताओ को पहचानना।

WWW.RAJGNM.in

Nand NovA

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____

MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject

- रोगी की आवश्यकताओ के अनुसार Nursing care plan तैयार करना।

Comprehensive (योजनाबद्ध) ⇒


① रोकथाम (Preventive)
② उपचारात्मक (Curative)
③ उन्नयन (Promotive)
④ पुर्नवासी (Rehabilitative)

- रोगी को दी जाने वाली देखभाल को लक्ष्य निर्धारित कर तरीके से Nursing provide की जाती है।
Systamatic

- Nursing कर्मी द्वारा उपयुक्त ढंग से उपयोग कर अतिरिक्त संवेग, धन और साधनो को कम करना और time पर Nursing देखभाल उपलब्ध करवाना।
- Nursing देखभाल की प्रभाविता का मूल्यांकन द्वारा पता लगाना।

WWW.RAJENM.in

Steps of Nursing Process ⇒



Nand NOVA

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____
MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject

① Health Assesment ⇒ यह Nursing process का पहला चरण है।

- इसमें रोगी एवं ० रोगी के परिवारजनो से स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त की जाती है।
- यह एक dynamic एवं continue process है।

Step of Health Assessment ⇒ Data collection (आँकड़े एकत्रित करना)

रोगी के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के आँकड़े 5 प्रकार से एकत्रित किये जाते है -

(i) History taking ⇒ इसमें रोगी एवं रोगी के परिवारजनो द्वारा रोगी के परिवार संबंधित जानकारी एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त की जाती है।

- रोगी का नाम, पिता या पत्नी का नाम, लिंग, उम्र, धर्म, सामाजिक - आर्थिक स्थिति, वैवाहिक स्थिति, पता, वर्तमान स्वास्थ्य, पूर्व समस्या, Occupation, आदि।

- Past illness
- Family illness History
- Number of children
- Personal History

(ii) Clinical Record ⇒ रोगी के पूर्व के उपचार संबंधित Record आदि है तो उसकी जानकारी प्राप्त की जाती है।

(iii) Physical Examination ⇒ इसमें रोगी के शरीर का सिर से पांव तक गहनता से अध्ययन किया जाता है (Head to toe) एवं Abnormal cond. का पता लगाया जाता है।

WWW.RAJGNEL.in
Nand NOVA
Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____

MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject _____

(iv) Organization of data ⇒ इसमें आँकडो को एकत्रित कर serial vise arrange किया जाता है।

(v) Validation of data ⇒ Data collection के दौरान एवं समाप्त होने के पश्चात आँकडो को जाँचा जाता है एवं आँकडो का रोगी के रोग से सम्बन्ध देखा जाता है।

- Data collection का score जितना reliable होगा उसकी वैद्यता उतनी ही उत्तम मानी जाती है।

(vi) Documentation of data ⇒ आँकडो के साधारण के साथ ही आँकलन की प्रक्रिया पूर्ण हो जाती है तथा इन आँकडो का Record रखे जाना आवश्यक है। रोगी के स्वास्थ्य संबंधी आँकडे रोगी की देखभाल में सहायक है।

② Nursing Diagnosis ⇒ - स्वास्थ्य आँकलन के दौरान एकत्रित किये गये आँकडो तथा उनके विश्लेषण पर Analysis basis की pt. actual problem का पता लगाना Nursing Diagnosis कहलाता है।

Defination ⇒ Acc. to Levin ⇒ The judgement That occure As a Result of Nursing Assessment

For example ↑se body temp.
- Cheast pain due to disease process

- Three step of Nursing Diagnosis

(i) Analysis of data ⇒ Data collect कर उनको serial vise arrange करेगे। उन data का analysis किया जाता है in analysis of data के आधार पर समस्याओ का पता लगाया जाता है।

WWW.RAJGNM.in
Nand NOVA
Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____

MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject _____

(ii) Identification of problem ⇒ विश्लेषित आँकडो द्वारा रोगी की स्वास्थ्य समस्याओ का निर्धारण किया जाता है।

(iii) Formulation of Nursing Diagnosis ⇒ Nursing निदान रोगी की आवश्यकता के अनुसार तैयार किया जाता है।
यह अस्तिगत स्तर पर तैयार किया जाता है। इसमे रोगी की आवश्यकता के अनुरूप निदान किया जाता है।

③ Nursing Planning ⇒ - किसी भी कार्य को प्रभावी बनाने के लिये इसकी उचित योजना बनाई जानी आवश्यक है।
- Nursing द्वारा रोगी की देखभाल के लिये एक निश्चित योजना बनाई जाती है।
- योजना बनाते समय निम्न बातो का ध्यान रखा जाता है -

→ क्या करने की आवश्यकता है
→ इसे कब और कैसे करना है
→ यह कार्य किसके द्वारा किया जाना चाहिये
→ किन-किन साधनो की आवश्यकता होगी

- 4 steps of planning

(i) लक्ष्य निर्धारण ⇒ Short term goal & long term goal

(ii) Identified Expected out come

(iii) Select approprate Nursing intervention

(iv) Plan of care

WWW.RAJGNM.in
Nand NOVA
Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____
MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject _____

- **Principle of planning ⇒**
  - Nursing planning में Flexibility संतुलन होना चाहिये।
  - Nursing planning स्पष्ट लिखित होनी चाहिये।
  - Nursing योजना एक सतर्क प्रक्रिया है।
  - Nursing planning स्पष्ट एवं त्रुटिरहित होनी चाहिये।
  - Nursing planning में साधनो का प्रभावी प्रयोग होना चाहिये।
  - Nursing planning निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार होनी चाहिये।

④ Nursing Implementation ⇒

- Nursing implementation nursing process का एक चरण है जिसमें योजना का implementation कर रोगी को nursing care provide की जाती है।
- Nursing Assessment के आधार पर पता की गई समस्या, आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये योजना के अनुसार nursing गतिविधि को सम्पादित करना Nursing implementation कहलाता है।

- Implementation process 2 type की होती है -

(i) Direct Care ⇒ यह रोगी से सीधी सम्बन्धित होती है। जैसे - दवाई देना, शारीरिक देखभाल (temp., Excercise)

(ii) Indirect Care ⇒ यह रोगी से direct contact नही होती है लेकिन प्रत्येक देखभाल को आधार प्रदान करती है।

Eg :- रोगी का environment, documentation

⑤ Nursing Evaluation ⇒

- यह Nursing process का अंतिम चरण होता है।
- इस चरण के दौरान Nursing द्वारा प्रदान की गई सेवाओ का मूल्यांकन किया जाता है।

WWW.RAJDIM.in
Nand NOVA
Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____

MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject _____

- इसके द्वारा पता लगाया जाता है कि रोगी की समस्या का समाधान, आवश्यकता की पूर्ति कितनी हुई और implementation की प्रभाविता कितनी रही।
- Evaluation के दौरान ऑकलन (Assessement), योजना (Planning) एवं क्रियान्वयन (implementation) में रही कमियों का पता लगाया जाता है जिससे अगली बार मरीज को उचित Nursing care प्रदान किये की जा सके।

WWW.RAJGNM.in

Nand NovA

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Subject

Chapter-8 ⇒ Epidemiology

Date : __/__/____
MON TUE WED THR FRI SAT SUN

* **Epidemiology** ⇒ यह 3 Greek word से मिलकर बना होता है।
जिसमें Epi का अर्थ → बीच में, और
Demous का अर्थ → व्यक्ति, तथा
logy का अर्थ → study होता है।
अर्थात् व्यक्तियो के बीच में होने वाली घटनाओं का अध्ययन करना कहलाता है।

Epidemiology
- इसके द्वारा disease के कारणो का पता लगाकर उनके लिये High level treatment provide किया जा सकता है।

- **Defination ⇒ Acc. to Thrusbield →**
Epidemiology population में होने वाली disease एवं उनको (उत्पन्न करने) वाली event का अध्ययन होता है।

Acc. to Thone ⇒ Epidemiology लोगो में होने वाली disease का अध्ययन करना होता है।

- **Aims of Epidemiology ⇒**
- Epidemiology का मुख्य उद्देश्य disease के कारण एवं उसके बचाव के लिये उचित साधनों का प्रयोग करना है।
- लोगो में होने वाली disease को control करने के लिये नई योजना बनाना है।
- लोगो के मध्य फैलने वाली disease को control करने के लिये treatment, planning एवं Evaluation की प्राथमिकता को निर्धारित करते हुये Record को maintain करना।

WWW.RAJENIM.in
Nand NOVA
Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____

MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject _____

Disease Cycle ⇒ किसी भी मनुष्य में disease के उत्पन्न होने से लेकर दुबारा ठीक हो जाने के मध्य disease की विभिन्न अवस्थाओं को disease cycle कहते है।

- Disease cycle को 6 भागो में बांटा गया है -

① Incubation Period
② Prodromal Period
③ Fastigum
④ Defervescence
⑤ Convelscence
⑥ Defection

① Incubation Period ⇒ Disease agent के body में प्रवेश करने से लेकर उस disease के I^st sign and symptom आने के बीच की अवस्था Incubation period कहलाती है।

- प्रत्येक disease का Incubation period अलग-अलग होता है।

② Prodromal Period ⇒ यह Period 1-4 दिन तक ही होता है।

- इसमें pt. में disease के sign and symptom अस्पष्ट होते है। लेकिन pt. की working capacity कम हो जाती है।

③ Fastigum ⇒ यह किसी disease की higest stage होती है जिसमें disease के symptom clear हो जाते है और व्यक्ति में disease diagnosis करना संभव होता है।

④ Defervescence ⇒ इस stage में immunity develop होने लगती है तथा pt. की condition में सुधार होने लगता है।

Nand NovA

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Subject _____

Date : __/__/____
MON TUE WED THR FRI SAT SUN

⑤ Convelscence ⇒ Disease एवं उसके complete रूप से ठीक होने के बीच की stage convelscence कहलाती है।

- इसमें disease के sign एवं Symptom खत्म होने लग जाते है। और pt की working capacity ठीक हो जाती है।

⑥ Defection ⇒ Pt के complete रूप से healthy होने की अवस्था Defection कहलाती है। इसमें दुबारा pt अपनी normal life जीने लगता है।

Terminology ⇒

① Infective ⇒ रोग उत्पन्न करने वाले कारक का body में enter करके अपने संख्या में वृद्धि करना Infection कहलाता है।

② Contamination ⇒ किसी भी निर्जिव वस्तु के उपर Infection agent का प्रवेश करना Contamination कहलाता है।

③ Contageous disease ⇒ एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में direct contact के द्वारा फैलने वाली disease Contageous disease कहलाती है।

④ Communicable disease ⇒ एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में direct या indirect रूप से फैलने वाली disease communicable disease कहलाती है।

⑤ Epidemic ⇒ एक ही क्षेत्र में किसी ~~एक~~ disease का फैलना Epidemic कहलाता है।

⑥ Endemic ⇒ एक ही क्षेत्र में बहुत अधिक संख्या में diseas का फैलना Endemic कहलाता है।

Nand NOVA

WWW.RAJGNM.in

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____

MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject

⑦ Pandemic ⇒ एक देश से दूसरे देश में फैलने वाली disease Pandemic कहलाती है।

⑧ Zoonosis ⇒ ऐसी disease जो animal के through व्यक्ति में फैलती है Zoonosis कहलाती है।

⑨ Nasocomical ⇒ ऐसे infection जो hospital environment के कारण फैलते है उसे Nasocomical infection कहते है।

⑩ Prevention ⇒ किसी भी disease को start होने से रोकने के लिये किया गया कार्य Prevention कहलाता है।

⑪ Eradication ⇒ किसी भी disease के कारण एवं उसके फैलने के तरीको को complete रूप से Prevent करना Eradication कहलाता है।

⑫ Mode of Transmition ⇒ Infection agent का host तक पहुँचने का तरीका ही mode of transmition कहलाता है।

- 2 parts of mode of transmition

① Direct transmition
② Indirect transmission

(i) Direct Transmission ⇒ ऐसा transmission जो एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में बिना किसी माध्यम के transmit होता है तो उसे direct transmission कहते है।

- यह निम्न type के होते है -

(i) Direct contact

WWW.RAJENM...

Nand NOVA

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____
MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject _____

(ii) Droplet
(iii) Contact with soil
(iv) Transplacental

(i) Direct Contact ⇒ एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में कोई disease direct या sexual contact के द्वारा फैलती है उसे direct contact ~~transmi~~ transmission कहते है।
जैसे → STD, सिफैलिस, Leprosy

(ii) Droplet ⇒ खाँसने, छीकने या थूँकने के कारण एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलने वाला रोग Droplet कहलाता है।
transmission
जैसे → T.B., डिफ्थीरिया, मिजलस

(iii) Contact with Soil ⇒ Infected soil के direct contact में आने से फैलने वाली disease contact with soil transmission कहलाती है।
जैसे → टिटेनस (T.T)

(iv) Transplacental ⇒ इसे Vartical transmission भी कहते है। यह transmission mother placenta द्वारा Fetus में transmit होता है।
जैसे → Torch Infection

T → Toxoplasma
O → Other pathogens — सिफैलिस
R → Rubella
C → Cytomeglovirus
H → Herpes simplex Virus (HSV)

WWW.RAJENM.in

Nand NOVA

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____

MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject _____

(ii) Indirect transmission ⇒ किसी object के द्वारा फैलने वाला transmission Indirect transmission कहलाता है।

- इसके निम्न प्रकार होते है -

(a) Vechile born transmission ⇒ कोई भी biological product जैसे milk, food and water के द्वारा फैलने वाला transmission, Vechile born transmission कहलाता है।

जैसे - Typhoid, Fever, Cholera, Diarrhoea, Hepatitis-A

(b) Vector born transmission ⇒ Orthopod (कीट) के द्वारा फैलने वाला transmission, Vector born transmission कहलाता है।

जैसे → Malaria ⇒ Plasmodium virus (मादा एनाफिलिज)
Dengue ⇒ Dengue virus (मादा एडीज)

(c) Fomite born ⇒ Contaminated article के द्वारा फैलने वाला transmission।

(d) Nasocomical / Hospital Acquired transmission ⇒ Hospital environment के द्वारा फैलने वाला transmission.

(13) Elimination ⇒ किसी भी disease के कारण एवं उसके फैलने के तरीको को कम करना या disease के जो case है उनको रोकना Elimination कहलाता है।

WWW.RAJGNM.in

Nand NovA

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____
MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject _____

* Level of Prevention ⇒

Level of prevention की 4 stage होती है -
यह एक New concept है जिसके अनुसार chronic disease के prevention पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

- इसमें chronic disease के risk factor को control किया जाता है।

① Prodromal / Premodial stage ⇒ होने से पहले किया गया बचाव कहलाता है।

② Primary Stage ⇒ Disease start primary prevention

- इसमें Risk factor उपस्थित होता है।
- Primary prevention 2 type से दी जाती है :-

(i) Promotion of Health ⇒ व्यक्ति के health में सुधार एवं control करके उसके health level को increase करते है। जिससे व्यक्ति के अंदर disease उत्पन्न ना हो।

Exp :- Health education, Good nutration

(ii) Specific Protection ⇒ व्यक्ति को कुछ specific protection जैसे immunization provide करके disease होने से रोक सकते है।

③ Secondary Stage ⇒ Disease का early diagnosis करके treatment करना secondary prevention कहलाता है।
जैसे → X-ray, MRI, CT scan

④ Tertiory Stage ⇒ Disease के कारण pt. में उपस्थित Disability को कम करना और उसको maintaince करना tertiory prevention कहलाता है।

- और pt. के complication को कम करना तथा pt. को अपनी normal condition में लाना।

WWW.RAJGNMIN
Nand NOVA
Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

Chapter - 9

Immunity

Subject

Date : __/__/____

MON TUE WED THR FRI SAT SUN

* Defination ⇒ It is the power of body to fight aganist infection

- प्रतिरोधकता मे वह शक्ति होती है जो शरीर की संक्रमण से लडने की शक्ति होती है।

- Host (परजीवी) द्वारा infection factor को इनके विषैले उत्पादो के प्रति रोगो को disease क्षमता कहते है।

Componants of Immunity ⇒ Immunity के घटक दो प्रकार के होते है -

① Humorial immunity ② Cellular immunity

① Humoral Immunity ⇒ - यह immunity antibody या antigen की उत्पादन process से संबंधित है।

② Cellular Immunity ⇒ इसका संबंध T-cell WBC से होता है।

- यह दोनो ही componant एक - दूसरे के सहयोगी होते है तथा व्यक्ति की infection व disease से प्रतिरोधक मे सहयोग करते है।

- Immunity प्रक्रिया को समझने के लिये Antigen - Antibody process को जानना आवश्यक है।

Antigen ⇒ कोई भी ऐसा पदार्थ जीवाणु या अन्य कोई भी जो अनुकूल परिस्थितियो मे प्रतिरक्षाओं के उत्पादनो को प्रोत्साहित करता है, कहलाता है।

Antigen

WWW.RAJGNM.in

Nand NOVA

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____

MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject _____

Antibody ⇒ Lymphocyte द्वारा उत्पादित blood protein का एक विशिष्ट स्वरूप जो Antigen तथा जीव विषयो का प्रतिकारक करने में सक्षम हो वह Antibody कहलाता है।


Factor affecting Immunity ⇒ Immunity को प्रभावित करने वाले कारक निम्न है –

(1) Age
(2) General Health
(3) Sex
(4) Hormonal
(5) Nutration factor
(6) Fever
(7) Inflamation

WWW.RAJGNM.in

Classification of Immunity ⇒ यह mainly 2 type की होती है –

① Innate / Natural Immunity
② Acquired Immunity



Nand NOVA
Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____

MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject

① Innate / Natural Immunity ⇒

वह रोग प्रतिरोधक क्षमता जो व्यक्ति को अपने वंश तथा संरचना से प्राप्त होती है वह Gene कहलाती है।

Natural immunity

- यह प्रतिरोधकता एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में संचारित होती रहती है।

(i) Non-Specific immunity ⇒ यह रोग प्रतिरोधकता व्यक्ति की किसी एक विशिष्ट संक्रमक बीमारी से ही नही बल्कि सभी प्रकार के संक्रमणो से सुरक्षा करती है इस प्रकार की रोग-प्रतिरोधकता कहलाती है।

Non-specific innate immunity

(ii) Specific immunity ⇒ यह आनुवंशिकता द्वारा प्राप्त व्यक्ति का ~~विश~~ किसी विशिष्ट immunity संक्रमक बीमारी से ही बचाव करती है इसे specific innate immunity कहते है।

- Specific and Non specific immunity के 3 type होते है -

(a) Species ⇒ एक वर्ग के सदस्यो में कुछ विशेष बीमारियो के प्रति पाई जाने वाली रोग प्रतिरोधकता Species (वर्गीय) immunity कहलाती है।

Exp :- Measles, Polio आदि बीमारिया केवल मनुष्यो मे पाई जाती है।

(b) Racial immunity ⇒ एक ही वर्ग की कुछ प्रजातियो में कुछ बीमारियों के विरुद्ध पाई जाने वाली रोग प्रतिरोधकता Racial (प्रजातिय) immunity कहलाती है।

Exp :- Black american are more susceptible for having T.B. rather than white american.

(c) Individual immunity ⇒ व्यक्ति विशेष में कुछ रोगो के विरुद्ध पाई जाने वाली जन्मजात रोग प्रतिरोधकता Individual immunity कहलाती है।

Nand NOVA

WWW.RAJGNM.in

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____
MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject _____

② Acquired Immunity ⇒ यह दो प्रकार से प्राप्त की जा सकती है -

(i) Active immunity (ii) Passive immunity

(i) Active immunity ⇒ Infection का सामना करने के लिये स्वयं Antibody का निर्माण करती है। body
- यह temporary और permanant हो सकती है।
- यह दो प्रकार की होती है -

(a) Natural Active ⇒ यह disease के आक्रमक के पश्चात् किसी व्यक्ति में उत्पन्न रोग - प्रतिरोधक क्षमता है।
- The person clinical infection or sub clinical infection

Exp :- Measles, Diptheria, Yellow fever

(b) Artificial Active immunity ⇒ यह immunization के द्वारा विकसित होने वाली रोग प्रतिरोधक क्षमता है।
इसे immunization के माध्यम से vaccination देकर develop किया जाता है।

Exp :- BCG, TT vaccine (Tetanus)

(ii) Passive immunity ⇒ इस प्रकार की immunity शरीर में Radiment antibody के प्रवेश कराने के फलस्वरूप उत्पन्न होती है।
- इसके उत्पादन में व्यक्ति का immune system सक्रिय रूप से भाग नही लेता है।

(a) Natural Passive immunity ⇒ Placenta से होते हुये गर्भवती माता से उसके शिशु में स्थानान्तरित होने वाली antibody Natural passive immunity कहलाती है।

Exp :- Delivery के पश्चात् शुरूआती 3-4 दिनो तक माता से

WWW.RAJGNM.in
Nand NOVA
Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____
MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject

स्त्रावित होने वाला गाढ़ा पीला दूध नवजात में उत्पन्न रोग प्रतिरोधकता भी इसी का उदाहरण है।

(b) Artifical Passive immunity ⇒ व्यक्ति में Anti toxic serum या immunglobin आदि का injection लगाने के बाद उत्पन्न रोग प्रतिरोधकता Artificial passive immunity कहलाती है।

Exp :- Tetanus से बचने के लिये Anti tetanus serum का injection लगाना।

- Diptheria के बचाव हेतु diptheria anti toxigen का injection लगाना।

* Herd Immunity ⇒ किसी समुदाय या समुदाय के लोगो में किसी विशिष्ट बीमारी के विरूद्ध पाई जाने रोग प्रतिरोधकता herd immunity कहलाती है।

• Herd immunity (समूह प्रतिरोधकता) के सहायक घटक ⇒

- समूह का टीकाकरण।
- समूह के लोगो में Sign and symptom व संक्रमणो की उपस्थिति।

* Immunizing Agents ⇒ व्यक्तियो में Immunity उत्पन्न करने वाले विभिन्न पदार्थ Immunizing agent कहलाते है।

- ये 3 प्रकार के होते है -

(1) Vaccine (ii) Immunoglobin (iii) Anti Serum

(1) Vaccine ⇒ जीवित क्षीण ~~अथवा~~ (Live attenuated) अथवा Killed bacteria, Virus उनके निकाले गये पदार्थ शरीर में प्रविष्ट किया जाता है, vaccine कहलाती है।

WWW.RAJGNM.in
Nand NOVA
Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____

MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject _____

- Vaccine एक ऐसा रोग प्रतिरोधक है जो जैविक पदार्थ होता है। जिससे बीमारी उत्पन्न करने वाले कारक तथा toxin से तैयार किया जाता है। उस को body में प्रविष्ट किया जाता है तो यह विशेष प्रकार की antibody का निर्माण करती है।

- There are 4 types of Vaccine

① Live Atenuated
② Killed vaccine
③ Toxids vaccine
④ Mixed vaccine

① Live atenuated vaccine ⇒

- Live attenuated vaccine bacteria, virus तथा weak pathogen का use करके तैयार की जाती है।
- इस vaccine में bacteria और virus की virulence capacity को नष्ट कर दिया जाता है इस प्रकार की vaccine live atenuated vaccine कहलाती है।

Exp. → B → BCG
O → OPV
Y → Yellow Fever
Love → Live vaccines
The → Thyroid
C → Chickenpox
R → Rubella
I → Influenza
M → Measles, Mumps
E → Envphalities

Nand NOVA

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Date : __/__/____

MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject _____

② Killed Vaccine ⇒ इस प्रकार की vaccine में मूल bacteria, virus से तैयार की जाती है।

- इन bacteria और virus को पहले heat व chemical के द्वारा मृत किया जाता है। तथा उन मृत bacteria, virus को body में inject (प्रवेश) किया जाता है। जिससे Artificial active immunity प्राप्त होती है।

Exp :- Bacteria vaccine ⇒ Cholera, Pertusis

Viral vaccine ⇒ Polio, Hepatitis-A, Rabbies, Influenza

